

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 333 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 29 सितंबर 2023


पेज -7 पर



धरमजयगढ़ में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया ईदमिलादुन्नबी पर्व, दिया भाईचारे ...

पेज -8 पर




**श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़**

**शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए


**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द सावा शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और हरितक्रांति के जनक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने डॉ. स्वामीनाथन के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि डॉ. स्वामीनाथन ने देश में हरितक्रांति लाकर कृषि की तस्वीर बदल दी। कृषि के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और अनेक उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें पदमश्री और पदमविभूषण सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित गया था।

# कृषक सह श्रमिक सम्मेलन, गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही- मल्लिकार्जुन खड़गे

किसानों, पशुपालकों की सुविधा के लिए समय से पूर्व ही कर रहे न्याय योजनाओं की राशि का अंतरण- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।

गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। न्याय योजनाओं के चलते बीते पांच सालों में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गये हैं। सवा दो लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजनाओं का भरपूर लाभ आम जनता को मिल रहा है। यह बात राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले के सुमाभाठा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन के अवसर पर कही। सम्मेलन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे और मुख्यमंत्री बघेल ने श्रमिकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना का शुभारंभ भी किया। इस योजना में दस साल तक पंजीकृत रहे एवं 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माणी श्रमिकों को जीवन पर्यंत प्रति माह 15 सौ रुपए की पेंशन सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 1895 करोड़ रुपए अंतरित किए। साथ ही गोधन न्याय योजना के 65 हजार गोबर विक्रेताओं को 5 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि और 33 हजार 642 गन्ना उत्पादक किसानों को 57 करोड़ 18 लाख रुपए प्रोत्साहक राशि भी उनके खाते में डाली गई है।

सम्मेलन में 1 लाख 2 हजार 889 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 55 करोड़ 76 लाख 26 हजार रुपए राशि का वितरण किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा मंडल के 2881 हितग्राहियों को 3 करोड़ 86 लाख



रुपए, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के 3236 हितग्राहियों को 1 करोड़ 65 लाख रुपए तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के 96 हजार 772 हितग्राहियों को 50 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया। इस मौके पर बलौदाबाजार भाटापारा के जिलेवासियों को 266 करोड़ रूपए की लागत के 264 विकास कार्यों की सौगात दी गई। मुख्यमंत्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि आपकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 28 सितंबर को जारी की गई है। चूंकि आचार संहिता लगने के पश्चात निर्वाचन आयोग से इसके लिए अनुमति लेनी होती इसमें विलम्ब की आशंका के चलते आज ही इसका भुगतान कर दिया।

> ** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना का हुआ शुभारंभ, निर्माणी श्रमिकों को मिलेगी जीवन पर्यंत प्रति माह 15 सौ रुपए की पेंशन सहायता*
>
> ** बलौदाबाजार,भाटापारा जिले को मिली 266 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात*

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 73 लाख लोगों को राशन से सुनिश्चित कराया है। युवाओं को 147 करोड़ बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर में 7 लाख आवासों के लिए हितग्राहियों की पहली किश्त 25-25 हजार डालने का काम किया। भेंट.मुलाकात कार्यक्रम में हम प्रदेशभर में घूमे और सभी की मांग रही कि आवास चाहिए। इसके बाद हमने आर्थिक सर्वेक्षण का निर्णय लिया और इस आधार पर सभी आवास दे रहे हैं। हमने किसानों के हित में निर्णय लिया कि धान 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए हमने विभिन्न विभागों में 42 हजार से ज्यादा पदों की भर्ती निकाली।

### महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की हमारी परंपरा

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए खड़गे ने स्वर्गीय मिनी माता को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में छत्तीसगढ़ से चुने गये पार्लियामेंट के प्रतिनिधियों में मिनी माता भी शामिल थीं। महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की हमारी परंपरा रही है। देश में इंदिरा गांधी पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। प्रतिभा पाटिल देश की राष्ट्रपति चुनी गईं। हमारा मत है कि महिला आरक्षण को इसी वक्त लागू करना चाहिए। जातिगत जनगणना होनी चाहिएए इससे सभी वर्गों की स्पष्ट स्थिति की जानकारी होगी। पिछड़े वर्गों के आर्थिक स्थिति की जानकारी होगी और इसके मुताबिक योजनाएं बनाई जा सकती हैं जो प्रभावी होगी।

*डॉ. स्वामीनाथन को दी श्रद्धांजलि- मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के दौरान देश में ग्रीन रिवोल्यूशन लेकर आने वाले डॉ. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से दो मिनट मौन रखने का अनुरोध किया। डॉ. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देते हुए खड़गे ने कहा कि डॉ.स्वामीनाथन ग्रीन रिवोल्यूशन लेकर आये।*

*खड़गे बोले- महिला आरक्षण बिल एक जुमला है*

## कांग्रेस नेताओं के जहां दौरे होते हैं, वहां ईडी-आईटी के छापे पड़ते हैं-खड़गे



**बलौदाबाजार।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला आरक्षण बिल को जुमला बताया है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस नेताओं के दौरे होते हैं, वहां ईडी-आईटी के छापे पड़ते हैं। हमें डरना नहीं, लड़ना है। डर गए तो समझो मर गए। देखते हैं कितना सताते हैं। खड़गे ने आगे कहा कि कांग्रेस हर काम दिल से करती है। 2024 में बीजेपी को सबक सिखाना ही होगा। बीजेपी के लोग संविधान खत्म करना चाहते हैं। खड़गे ने ये बातें बलौदाबाजार में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में कही।

### खड़गे के भाषण की बड़ी बातें

महिला आरक्षण सिर्फ जुमला

मोदी जी महिलाओं को आरक्षण आज नहीं दे रहे हैं। 2024 को नहीं दे रहे, 2029 को नहीं दे रहे, 2034 को देंगे। तब तक न वो रहेंगे और न हम। राजीव गांधी के कार्यकाल में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन लाया गया था तो भी बीजेपी ने विरोध किया। बीजेपी चाहती तो ये भी लागू कर सकती है। लेकिन उसके पास इच्छा शक्ति नहीं। कांग्रेस जो भी काम करती है दिल से करती है। लोगों के लिए करती है।

*रायपुर पहुंचे शाह, नड्डा और बीएल संतोष*

## विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट पर लग सकती है मुहर

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे हैं। उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और महासचिव बीएल संतोष भी आए हैं। तीनों नेता रायपुर एयरपोर्ट से सीधे प्रदेश भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे।

यहां भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव की रणनीतियों पर मैराथन बैठक कर रहे हैं। बैठक करीब 5 घंटे तक चलने की संभावना है। इस दौरान प्रत्याशियों की नई लिस्ट पर भी मुहर लगा सकते हैं। फिलहाल इस बैठक में पार्टी के चुनिंदा नेता ही शामिल हैं। लंच के बाद ही बैठक



एक बार फिर शुरू हो गई है। चुनाव घोषणा पत्र समिति, आरोप पत्र समिति और स्थानीय विधायकों-सांसदों के साथ भी अमित शाह बैठक कर सकते हैं।

पार्टी कार्यालय पहुंचने पर में शाह, नड्डा और वरिष्ठ नेताओं से प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन, पूर्व सीएम रमन सिंह सहित अन्य स्थानीय नेताओं ने मुलाकात की। शाह शाम 7 बजे भाजपा के कुछ नेताओं के साथ में रात का भोजन करेंगे। फिर वायु सेवा के विशेष विमान से नई दिल्ली लौट जाएंगे।

### 22 सितंबर का टल गया था दौरा

*केंद्रीय गृह मंत्री पहले 22 सितंबर को रायपुर आने वाले थे। लेकिन अंतिम समय में गृह मंत्रालय की ओर से दौरा रद्द होने की पुष्टि की गई। इससे पहले 2 सितंबर को अमित शाह रायपुर आए थे। भाजपा के आरोप पत्र लॉन्च कार्यक्रम में शाह ने 21 सौ करोड़ के शराब घोटाले को केवल टिप बताया था।*

## दिव्यांग बोले- हालत देखकर नहीं देते नौकरी:रायपुर में निकाला पैदल मार्च

कहा- 350 रुपए पेंशन में गुजारा नहीं; फर्जी लोगों को बर्खास्त करें

**रायपुर।** रायपुर में प्रदेश भर के दिव्यांगों ने अपनी मांगों को लेकर पैदल मार्च निकाला। दिव्यांग कोटे के तहत हुई फर्जी नियुक्तियों को बर्खास्त करने और 5000 रुपए मासिक पेंशन देने की मांग की। दिव्यांगों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी-अपनी समस्याएं बताई और कहा कि हालत देखकर कोई नौकरी नहीं देता है। दरअसल, छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने पैदल मार्च 25 सितंबर को मुंगेली से निकला था। बिलासपुर होते हुए यह यात्रा 27 सितंबर को रायपुर पहुंची। जिन जिलों से पैदल मार्च निकला, वहां कलेक्टर को ज्ञापन दिया।



बुधवार को रायपुर में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम भी ज्ञापन सौंपा गया।

### 350 रुपए मासिक पेंशन में परिवार चलाना मुश्किल

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राधा कृष्ण गोपाल ने कहा कि दिव्यांग बनकर लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं। जिससे वास्तविक दिव्यांग पीछे छूट रहे हैं। सरकार की ओर से सिर्फ 350 रुपए मासिक पेंशन दी जाती है। लेकिन उन पैसों से परिवार चलाना मुश्किल है। आरंग के प्रकाश कुमार खेलवार ने बताया मैं दृष्टि बाधित दिव्यांग हूं। मेरे पिता जी का देहांत हो गया है। मां भी बीमार रहती है।

रायपुर पहुंचे **CBI** डायरेक्टर प्रवीण सूद

## DGP जुनेजा और IG ने किया वेलकम, पेंडिंग मामलों से लेकर कामकाज का करेंगे रिव्यू

**रायपुर।** CBI के डायरेक्टर प्रवीण सूद पदभार संभालने के बाद CBI के क्षेत्रीय दफ्तरों के दौरे कर रहे हैं। इसी कड़ी में वो रायपुर भी पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर DGP अशोक जुनेजा और रायपुर IG ने CBI निदेशक की अगवानी की। CBI के किसी भी निदेशक का लंबे अरसे बाद छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है।

दरअसल, CBI निदेशक प्रवीण सूद रायपुर स्थित रीजनल ऑफिस में लंबित मामलों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे। इस दौरान सूद हाईकोर्ट में दायर कुछ





याचिकाओं पर एजेंसी की ओर से दिए गए जवाबों पर भी चर्चा करेंगे।

### CGPSC घोटाले की CBI जांच की मांग

छत्तीसगढ़ में पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के जारी नतीजों की CBI जांच की मांग उठाई है। उन्होंने एक उम्मीदवार को ज्यादा अंक होने के बाद भी इंटरव्यू में नहीं बुलाये जाने की शिकायत करते हुए जांच की मांग की है।

इसके अलावा हाल ही में ईडी ने भी शराब घोटाले में हाईकोर्ट से CBI जांच कराने की मांग की है। हालांकि राज्य में CBI के प्रवेश पर सरकार ने 2019 से रोक लगा रखी है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देश पर जांच की जा सकती है।

**बप्पा की विदाई**

**30 सितम्बर को निकलेगी झांकियां**

## राजधानी में पहले दिन 2000 प्रतिमाओं का विसर्जन

**रायपुर।** रायपुर में बप्पा की विदाई का सिलसिला शुरू हो गया है। राजधानी के खारुन तट में बने विसर्जन कुंड में गुरुवार को छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। यहां निगम और पुलिस प्रशासन ने खास तैयारी की है। बड़ी मूर्तियों के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। पहले दिन गुरुवार को 2000 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। ग्यारह दिनों तक भगवान की सेवा कर रहे भक्त बैंड-बाजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते हुए पहुंचे। कुंड



के पास विसर्जन आरती की भी व्यवस्था की गई है, जहां भक्तों ने आखरी आरती के बाद अगले साल फिर आने की उम्मीद के साथ बप्पा को नम आंखों से विदाई दी।

### नाविकों को दी गई विसर्जन की जिम्मेदारी

विसर्जन कुंड में महादेव घाट के नाविकों को मूर्तियों के विसर्जन की जिम्मेदारी दी गई है। घाट में नाव चलाने वाले सुरेन्द्र ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारियों के साथ नाविकों ने भी यहां विसर्जन से पहले यहां साफ-सफाई की है और लगातार मूर्तियों के विसर्जन के लिए लगातार लोग यहां पहुंच रहे हैं। बप्पा की अंतिम आरती के बाद कुंड में प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नाविकों को ही अधिकृत किया गया है।

### शनिवार को निकलेगी झांकियां

30 सितम्बर को राजधानी में झांकियों के निकालने की तारीख तय हो गई है। कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने सभी अधिकारियों को झांकी के दौरान जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। पिछले 50 सालों से शहर में झांकी निकाली जा रही है। जिसमें भगवान गणेश के साथ देवी-देवताओं मूर्तियां को सजाकर शहरभर में झांकी घुमाई जाती है।

### झांकी में 600 जवानों की तैनाती

एडिशनल एसपी लखन पटले ने बताया कि, झांकी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 600 पुलिसकर्मियों की टीम तैनात रहेगी।

# सोशल मीडिया के दुश्चक्र में आधी आबादी, दुर्भाग्य से विस्तार पा रहा है बर्बरता का दायरा

*समाज है, तो सोशल मीडिया का होना बहुत स्वाभाविक है। समाज में रहने वाला आदमी चाहे-अनचाहे वर्चुअल दुनिया के जाल में फंसता चला जाता है। समाज की जो सोच है, वही सोच वहां भी है। इसलिए स्त्रियां घर और घर से बाहर जिस तरह प्रताड़ित और लांछित होती है, उसी तरह सोशल मीडिया पर भी अपमानित होती हैं। पर ज्यादातर पुरुषों का नारी विरोध और नारी विद्वेष सोशल मीडिया पर साफ दिखता है।*

स्त्रियों से मुखातिब होते ही वे उन पर गाली-गलौज और घृणा की बौछार कर देते हैं। ऐसे पुरुषों को यह बखूबी मालूम होता है कि कितना अपमान महिलाओं को मानसिक यातना की हद तक ले जाता है। यह हमारे जीवन का कटु सत्य है। हमें रोज ही इससे गुजरना पड़ता है। सच तो यह है कि सोशल मीडिया में, खासकर फेसबुक और ट्विटर (अब एक्स) पर बेहद गलीज भाषा में मुझ पर हमला बोला जाता है। बीती सदी के आठवें-नवें दशक में मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों के अलावा सड़कों पर, दुकान-बाजारों में मुझे निशाना बनाया जाता था।

यह भी सच है कि तब ज्यादातर निंदक, ईर्ष्यालु और नारी विद्वेषी मुझे छू भी नहीं पाते थे। जबकि अब सोशल मीडिया पर वैसे लोग बेहद सहजता से मुझ पर हमला बोलने में सक्षम हैं, क्योंकि अब मैं उनसे महज एक क्लिक दूर हूं। लिहाजा वे अपनी सारी घृणा, सारी हिंसा, निष्ठुरता और बर्बरता मुझ पर उगल देते हैं।

एक्स पर इन गालीबाज नारी विद्वेषियों की टाइम लाइन पर जाने से पता चलता है कि इन सभी लोगों की समाज में भद्र पुरुष की छवि है। ये सभी पारिवारिक व्यक्ति हैं, जिनके घर में मां भी है, पत्नी भी और बेटियां भी। इनमें से ज्यादातर लोग अच्छी नौकरियों में हैं या व्यवसाय करते हैं। धर्म में इन लोगों की जितनी प्रबल आस्था है, उतनी ही आस्था पुरुष वर्चस्ववादी समाज में भी है। इतना ही नहीं, इन तमाम लोगों ने समाज की रीति-नीतियों से अद्भुत सामंजस्य भी बनाकर रखा है। मुझे प्रायः अभद्र भाषा में गाली-गलौज करने के लिए इन्हें समाज में असुविधाजनक सवालों का सामना तो नहीं ही करना पड़ता, उल्टे इनके नारी-विद्वेष को तार्किक और युक्तियुक्त बताया जाता है! मेरी बात अलग




**सोशल मीडिया और ऑनलाइन दुनिया को मानवता के विकास के पैमाने के रूप में देखा और आंका जा रहा है। लेकिन यह दुर्भाग्य ही है कि यहां भी स्त्रियों के हिस्से में घृणा, अपमान और हिंसा ही है।**

है। मैं किशोरी अवस्था से ही नारी विद्वेषी पुरुषों की अश्लीलता की आग में जलकर अंगार बन चुकी हूं, लेकिन समाज की अन्य नारियां तो मेरी तरह नहीं हैं। उनके लिए लगातार सोशल मीडिया पर अश्लीलता के हमले सहन करना सहज नहीं है। अनेक महिलाएं रोजाना की इस अश्लीलता से उबकर सोशल मीडिया छोड़ देती हैं। जो ज्यादा संवेदनशील होती हैं, वे दुनिया भी छोड़ देती हों, तो क्या आश्चर्य!

मेरे फेसबुक के इनबॉक्स पर कथित भद्रपुरुषों के लगातार अभद्र और अश्लील संदेश आते रहते हैं। ये लोग मुझे अश्लील तस्वीरें भेजते हैं, साथ में बताते हैं कि मेरे साथ कैसा सुलूक करेंगे। मैं इनमें से किसी को नहीं पहचानती। फिर ये मुझे निशाना क्यों बनाते हैं? दरअसल इन लोगों ने पढ़ा या जाना है कि मैं महिलाओं के लिए बराबर का अधिकार चाहती हूं। इन्होंने सुना है कि मैं उदार विचारों में विश्वास करती हूं, तर्कवादी हूं और वैज्ञानिक सोच को महत्व देती हूं, इस कारण ये लोग मुझ पर हमलावर हैं। मुझे लगता था कि कट्टरता की विरोधी और औरतों के अधिकारों के बारे में बात करने के कारण मैं पुरुष समाज के निशाने पर हूं। लेकिन यह जानकर मैं हैरान रह गई कि लगभग हर महिला के फेसबुक के इनबॉक्स पर कमोबेश इसी तरह के गंदे संदेश और अशोभनीय यौन प्रस्ताव आते हैं। यहां तक कि फेसबुक पर नई-नई आईं निष्पाप, निर्दोष और दुनियादारी से अनजान किशोरियां भी इस गंदगी से बची हुई नहीं हैं। इनका क्या गुनाह है? इनका दोष संभवतः यह है कि इन्होंने किसी न किसी मुद्दे पर ऐसे विचार व्यक्त किए हों, जो परिवार व्यवस्था, समाज व्यवस्था और धार्मिक व्यवस्था के अनुकूल न हों। या ऐसा भी हो सकता है कि सिर्फ स्त्री होने, स्त्री लिंग होने के कारण वे पुरुषों के निशाने पर हों। आखिर हमारा पुरुषतांत्रिक समाज हमेशा ही स्त्रियों को अपने कब्जे में रखना चाहता है। सच कहूं, तो एक लड़की समाज में जितनी लांछित होती है, सोशल मीडिया पर उससे कहीं ज्यादा प्रताड़ित, अपमानित होती है। इस कारण वह पढ़ाई-लिखाई में, अपने काम-काज में उतना ध्यान नहीं दे पाती। इससे वह मानसिक रूप से टूट जाती है, विक्षिप्त और विध्वस्त हो जाती है। उसका आत्मविश्वास रसातल में चला जाता है। आज हमारी दिनचर्या ऑनलाइन हो गई है। छात्रों की पढ़ाई ऑनलाइन है, काम-काज ऑनलाइन है। सामान ऑनलाइन ही खरीदे जाते हैं, बिल ऑनलाइन चुकाए जाते हैं। खाना ऑनलाइन मंगाया जाता है। इन सबसे कुछ समय बचता है, तो लोग मोबाइल पर कुछ न कुछ करते-देखते पाए जाते हैं। इस ऑनलाइन माध्यम में भी स्त्री अगर घृणा, अपमान, तिरस्कार, हिंसा की पात्र हो, तो फिर इस दुनिया में उसके लिए कोई सुरक्षात्मक जगह या कोई सम्मानजनक भविष्य नहीं है। धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने पर सजा का प्रावधान है, लेकिन इस पृथ्वी के हर कोने में महिलाओं को रोज तरह-तरह से शारीरिक-मानसिक चोट पहुंचाई जाती है, जबकि कम ही लोगों को इसकी सजा मिलती है। उल्टे ज्यादातर समाजों में मर्दवाद का ही बोलबाला है, जहां ऐसे पुरुषों को महत्व मिलता है, जो औरतों को उनकी हद में रखते हैं।

तस्लीमा नसरीन

## संपादकीय

### ट्रुडो की अन्य मुश्किल

इस नए विवाद में बड़ी संख्या में कनाडावासियों, यहूदी संगठनों और यहां तक कि पोलैंड की कड़ी आलोचना भी उन्हें सहनी पड़ी है। हालांकि उन्होंने इस प्रकरण से खुद को अलग बताने की कोशिश है, लेकिन उससे बात बनती नहीं दिख रही है।

भारत के साथ छिड़े विवाद के समय ही कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो एक दूसरे विवाद में भी फंस गए हैं। इस विवाद में बड़ी संख्या में कनाडावासियों, यहूदी संगठनों और यहां तक कि पोलैंड की कड़ी आलोचना भी उन्हें सहनी पड़ी है। हालांकि उन्होंने इस प्रकरण से खुद को अलग बताने की कोशिश है, लेकिन उससे बात बनती नहीं दिख रही है। विवाद का कारण शुक्रवार को कनाडा की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में एक नाजी लड़ाके के सम्मान से जुड़ा है। उस रोज यूक्रेन के प्रधानमंत्री वोलोदीमीर जेलेन्स्की ने कनाडा की यात्रा की थी। उन्हें हाउस ऑफ कॉमन्स को संबोधित करने के लिए बुलाया गया। वे अपने साथ यूक्रेनी मूल के 98 वर्षीय यूरोस्लाव हुन्का को भी ले आए। हाउस के स्पीकर एंथनी रोटा ने हुन्का के सम्मान में भाषण दिया और उसके बाद पूरे सदन ने खड़े होकर हुन्का के सम्मान में करतल ध्वनि की।

एक तरफ जब यह रहा था, तभी सोशल मीडिया पर यह तथ्य वायरल हो गया कि हुन्का की दूसरे विश्व युद्ध के समय ना सिर्फ नाजी सैनिको से मिलीभगत रही थी, बल्कि वह खुद कुख्यात नाजी यूनिट एसएस में शामिल हुआ था और सोवियत सेना से लड़ा था।

# भारत में जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना ही होगा

जीवाश्म ऊर्जा पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारत वैकल्पिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने पर काम कर रहा है। ऊर्जा मिश्रण में विविधता लाने पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसमें सौर, पवन, पनबिजली और परमाणु ऊर्जा के उपयोग का विस्तार करना भी शामिल है। भारत अपनी ऊर्जा की कुल आवश्यकता का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल के रूप में आयात करता है एवं भारत के कुल आयात में कच्चे तेल की भागीदारी सबसे अधिक है। इससे भारत के विदेश व्यापार में असंतुलन पैदा होता है तथा विदेश व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। कच्चे तेल को परिष्कृत कर पेट्रोल एवं डीजल के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जो कि जीवाश्म ऊर्जा की श्रेणी में आता है, इससे कार्बनडाई आक्सायड नामक गैस वातावरण में फैलती है और देश का पर्यावरण दूषित होता है। अतः अब समय आ गया है कि भारत में जीवाश्म ऊर्जा के उपयोग को कम करते हुए जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा दिया जाय। इस दृष्टि से हाल ही में जी-20 सम्मेलन के इत्तर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की घोषणा 9 सितम्बर 2023 को की। 9 संस्थापक सदस्य और 2 पर्यवेक्षक देश इस लॉंचिंग में शामिल हुए। वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के जरिए जैव ईंधन के लिए, भारत सदस्य देशों के साथ मिलकर, दुनिया के अन्य देशों को नई राह दिखाने का प्रयास कर रहा है। इस प्रयास से निश्चित रूप से दुनिया भर में ऊर्जा की आवश्यकता के लिए पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता कम होगी। इस गठबंधन से किसानों को अन्नदात्ता से ऊर्जादाता बनाने में मदद मिलेगी एवं इससे किसानों को आय का




एक अतिरिक्त साधन प्राप्त होगा। इस अवसर पर मोदी जी ने कहा कि वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन का शुभारम्भ स्थिरता और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में चल रहे प्रयासों में एक ऐतिहासिक क्षण है। इस गठबंधन में भारत, सिंगापुर, बांग्लादेश, इटली, अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, मारिशस और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हुए हैं। साथ ही, 19 देश और 12 अंतरराष्ट्रीय संगठन भी इस गठबंधन का समर्थन कर चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी, अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन, विश्व आर्थिक मंच और विश्व एलपीजी एसोसीएशन का समर्थन भी इस गठबंधन को मिला है। यह संगठन उपभोक्ताओं और उत्पादकों को एक मंच प्रदान करेगा तथा इसके उद्देशों में शामिल हैं, प्रौद्योगिकी के विकास को सुविधाजनक बनाना, टिकाऊ जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना, हितधारकों की व्यापक स्तर पर भागीदारी से मजबूत मानकों का निर्धारण करना एवं इनके प्रमाण को आकार देना तथा जैव ईंधन के वैश्विक विकास में तेजी लाना है। यह गठबंधन ज्ञान के केंद्रीय संग्रहण और विशेषज्ञ केंद्र के रूप में कार्य करेगा। गठबंधन का लक्ष्य एक ऐसे उत्प्रेरक के रूप में काम करना है जो जैव ईंधन के विकास और व्यापक रूप से इसे अपनाने के लिए वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहन देगा। यह गठबंधन जैव ईंधन को बदलाव के रूप में ऊर्जा स्त्रोतों के प्रमुख घटक के रूप में स्थापित करने, रोजगार और आर्थिक विकास में योगदान देने का प्रयास भी करेगा।

यह पहल विशेष रूप से भारत के लिए कई मोर्चों पर फायदेमंद साबित होगी। इससे प्रौद्योगिकी निर्यात और उपकरण निर्यात के रूप में भारतीय उद्योगों को अतिरिक्त अवसर प्राप्त होंगे। यह भारत के जैव ईंधन कार्यक्रमों जैसे पीएम जीवन योजना और गोवर्धन योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने में मदद करेगी। किसानों की आय में वृद्धि करने और रोजगार के करोड़ों नए अवसर पैदा करने में और भारतीय ईको सिस्टम के समग्र विकास में भी सहायक होगी। जीवाश्म ऊर्जा पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारत वैकल्पिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने पर काम कर रहा है। ऊर्जा मिश्रण में विविधता लाने पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसमें सौर, पवन, पनबिजली और परमाणु ऊर्जा के उपयोग का विस्तार करना भी शामिल है। भारत के पास तेल और गैस के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। सरकार घरेलू एवं विदेशी तेल कम्पनियों को तटवर्ती अपतटीय दोनों तरह के अन्वेषण एवं उत्पादन गतिविधियों में शामिल कर रही है।

## मिला जुला

# अमित शाह ने बंद कमरे में राजस्थान के 15 नेताओं संग की बैठक

## वसुंधरा भी रहीं मौजूद

जयपुर. राजस्थान भाजपा में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर टिकटों की अंतिम लिस्ट तय करने और परिवर्तन यात्राओं के फीड बैक के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को प्रदेश बीजेपी के चुनिंदा 15 नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की. बैठक में सांसद दीया कुमारी को भी बुलाया गया था. करीब आधे घंटे की मुलाकात के बाद दीया कुमारी मीटिंग से निकल गईं.

इन नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी शामिल हैं. बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कुछ नेताओं के साथ वन टू वन बैठक भी की है. बैठक में टिकट वितरण, चुनाव रणनीति, प्रचार जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई.



### 15 नेता जिन्हें अमित शाह और नड्डा ने बैठक के लिए बुलाया था

1. प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, 2. राजस्थान के चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, 3. नेता प्रतिपक्ष, राजेंद्र राठौड़, 4. पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, 5. केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत, 6. केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, 7. केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, 8. सह चुनाव प्रभारी नितिन पटेल, 9. सह चुनाव प्रभारी कुलदीप विश्नोई, 10. सह प्रभारी राजस्थान, विजय राहटकर, 11. प्रभारी राजस्थान बीजेपी अरुण सिंह, 12. राजस्थान संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, 13. उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, 14. सांसद राज्य वर्धन राठौड़, 15. चुनाव प्रबंध कमेटी अध्यक्ष नारायण पंचारिया. उल्लेखनीय है कि भाजपा के ये दो दिग्गज नेता ऐसे समय में जयपुर आए हैं जबकि सोमवार को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर के पास जनसभा को संबोधित किया था. भाजपा अपनी परिवर्तन यात्राओं के पूरा होने के बाद किसानों, युवाओं और महिलाओं के मुद्दों को छूने के लिए विभिन्न गतिविधियों की योजना बना रही है. अन्य राज्यों के पार्टी नेता भी आने वाले दिनों में चुनावी राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे. पार्टी राजस्थान में अपनी चुनावी रणनीति मुख्य रूप से महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध, पेपर लीक, भ्रष्टाचार और हिंदुत्व जैसे मुद्दों पर केंद्रित कर रही है. पीएम मोदी ने सोमवार को अपनी जनसभा में इन मुद्दों पर अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर भी हमला किया.

## सवाल पर ये बोला अमेरिका

# कनाड़ा को लेकर जयशंकर और ब्लिंकन के बीच हुई बात?

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जबसे खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बताया है, तबसे दोनों देशों के बीच रिश्तों में तल्खी बहुत ज्यादा बढ़ गई है. दोनों देशों ने अपने-अपने यहां से उच्चायुक्तों को निकाल दिया है. इसके अलावा ट्रूडो अलग-अलग मंचों पर भारत के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं. वहीं भारत के विदेश मंत्री इस समय क्वाड की बैठक में शामिल होने के लिए अमेरिका गए हुए हैं. इस बीच जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से भी बात की है. जब अमेरिका के विदेश प्रवक्ता से सवाल पूछा गया कि क्या दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच कनाडा विवाद को लेकर चर्चा हुई तो इस पर मैथ्यू मिलर ने कि यह द्विपक्षीय मीटिंग नहीं थी. इसमें कई देशों के विदेश मंत्री शामिल थे. इसके अलावा मिलर ने अपनी बात



को फिर से दोहराते हुए कहा कि हमने भारतीय समकक्षों से बातचीत की है और कनाडाई जांच में पूरा सहयोग करने का आग्रह किया है. यूएस विदेश प्रवक्ता ने कहा, जैसा कि हमने स्पष्ट कर दिया है, हमने इसे उठाया है. हमने इस पर अपने भारतीय काउंटर से बातचीत की है और उन्हें कनाडाई जांच में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है और हम उन्हें सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेंगे।

### अमेरिका ने पहले

### क्या कहा था?

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों से चिंतित हैं. हम कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं. मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारा मानना है कि यह महत्वपूर्ण घटना है. कनाडा की जांच आगे बढ़े और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए. हमने सार्वजनिक रूप से और निजी तौर पर भारत सरकार से कनाडाई जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है.

## एक नजर

### हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन



भारत को कृषि आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाले महान वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का निधन हो गया है। वह 98 साल के थे। वृद्धावस्था के कारण आज सुबह 11.20 बजे चेन्नई में उनका निधन हो गया। उन्हें हरित क्रांति के जनक के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने देश में अकाल के समय किसानों और सरकारी नीतियों के साथ-साथ अन्य वैज्ञानिकों की मदद से एक सामाजिक क्रांति लाई। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान केंद्र के निदेशक के रूप में काम किया। उन्हें 40 से ज्यादा पुरस्कार मिल चुके हैं, उनकी बेटी डॉ. सौम्या स्वामीनाथन भी एक वैज्ञानिक हैं। उनके निधन से किसानों समेत विभिन्न क्षेत्र के लोगों को दुख पहुंचा है।

# भारतीय रेलवे- मणिकर्णिका के मायके से ससुराल तक दौड़ेगी वंदे भारत

**वीरांगना** रानी लक्ष्मी बाई की जन्मभूमि वाराणसी और कर्म भूमि झांसी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। इसका खाका रेल महकमे ने तैयार कर लिया है। सब कुछ ठीक रहा तो 13 नवंबर (दीपावली) से वंदे भारत ट्रैक पर दौड़ने लगेगी। सेमी हाईस्पीड ट्रेन वाराणसी से प्रयागराज, चित्रकूट होते हुए झांसी तक जाएगी। काशी से बुंदेलखंड की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर सेमी हाईस्पीड ट्रेन को रवाना कर सकते हैं। उत्तर



मध्य रेलवे जोन की तरफ से रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि रानी लक्ष्मी बाई के बचपन का नाम मणिकर्णिका था। उनका बचपन वाराणसी में बीता, फिर शादी झांसी में हो गई। ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए वंदे भारत का परिचालन जरूरी है। काशी से बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, दीपावली तक आठ और वंदे भारत की सौगात देशवासियों को मिल सकती है। इसमें एक वंदे भारत प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी-झांसी के बीच चल सकती है। इसका सर्वे रेलवे बोर्ड करा रहा है। जल्द ही ट्रेन के परिचालन पर अंतिम मुहर लग सकती है।

# छात्रों की मौत पर मणिपुर में बवाल जारी, डीसी ऑफिस में तोड़फोड़; दो वाहन फूंके

**मणिपुर** में दो छात्रों की मौत को लेकर बृहस्पतिवार सुबह भी हिंसक प्रदर्शन जारी रहा और इम्फाल वेस्ट में एक उग्र भीड़ ने उपायुक्त (डीसी) कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी में छात्रों की अगुवाई में यह हिंसा मंगलवार को तब शुरू हुई जब जुलाई में लापता हुए एक लड़के और लड़की के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। अधिकारियों ने



बताया कि गत रात उरीपोक, यैसकुल, सगोलबंद और टेरा इलाकों में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प हुई जिसके कारण सुरक्षा बल को स्थिति पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को रिहायशी इलाकों में प्रवेश करने से रोकने के लिए टायर जलाकर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि भीड़ ने उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को फूंक दिया।

# घर पर फहराया पाकिस्तान का झंडा, गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक घर पर पाकिस्तान का झंडा फहराए जाने का मामला सामने आया है. किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंची. फिलहाल, पुलिस ने पाकिस्तान के



झंडे को घर से उतरवा दिया है. साथ ही मकान मालिक व उसके बेटे के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.

बता दें कि पूरा मामला भगतपुर थाना क्षेत्र गांव बुढ़ानपुर अलीगंज का है, जहां कपड़े का काम करने वाले रईस के घर पर पाकिस्तान का झंडा लगाए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी. इसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तो देखा घर की छत पर पाकिस्तान का झंडा लहरा रहा है. पुलिस ने इसकी फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की और फिर उसके बाद झंडे को उतरवा दिया. मौके से ही रईस (45) और उसके बेटे सलमान (25) को गिरफ्तार कर लिया गया. दोनों पर धारा 153 ए, 153 बी के तहत देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अवैध शराब के विरूद्ध तमनार पुलिस और आबकारी वृत्त घरघोड़ा की बड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़ – घरघोड़ा।

विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा जिले में प्रवेश करने वाले सभी चेक पॉइंट/बेरियर पर आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच के आदेश दिए गए हैं, निर्देशों का प्रभावी रूप से पालन किया जा रहा है जिससे आज उड़िसा-छत्तीसगढ़ बार्डर पर स्थित हमीरपुर बेरियर में तमनार पुलिस एवं आबकारी वृत्त घरघोड़ा की संयुक्त टीम को अवैध शराब की बड़ी खेप बरामदगी में सफलता मिली है ।

दिगर राज्यों से मादक पदार्थों की तस्करी को प्रतिबंधित करने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ श्री दीपक मिश्रा द्वारा लगातार थाना प्रभारी तमनार, लैलूंगा को थानाक्षेत्र अंतर्गत स्थित इंटर स्टेट बार्डर पर बने बेरियर में वाहनों एवं आने-जाने वाले व्यक्तियों की सघन जांच के साथ-साथ सीमावर्ती गांवों में मुखबिरों को सक्रिय कर गांव के अंदरूनी मार्गों पर भी निगाह रखने निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में आज सुबह थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद रहटगांवकर को मुखबिर से एक स्लेटी कलर के कार में दो व्यक्तियों के भगोड़ा से हमीरपुर की अवैध शराब लेकर आने की सूचना मिली । थाना प्रभारी द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर तत्काल शराब रेड कार्यवाही के लिये हमीरपुर बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग में लगे थाना तमनार के स्टाफ एवं आबकारी वृत्त घरघोड़ा स्टाफ की संयुक्त टीम तैयार किया गया । टीम ने हमीरपुर बेरियर के पास सुनियोजित तरीके से घेराबंदी कर ओड़िसा की ओर से आ रहे चार पहिया वाहन फोर्ड इंडिवर कार क्रमांक सीजी 04 एचबी 5000 को रोका गया, पूछताछ पर वाहन अंदर बैठे व्यक्ति अपना नाम- मुस्ताक खान और शंकर भगत बताये । वाहन को चेक करने पर वाहन के अंदर प्लास्टिक जरकिन और जूट की बोरी में पन्नी के अंदर 50-50 लीटर के बंधा हुआ महुआ शराब बरामद हुआ । आरोपियों के कब्जे से कुल 400 लीटर महुआ शराब कीमत ?80,000 का बरामद हुआ है । दोनों आरोपियों को नोटिस देकर मय शराब थाने लाया गया । आरोपियों (1) मुस्ताक खान पिता जहुर खान ग्राम पेलमा थाना तमनार (2) शंकर भगत पिता कन्हैया भगत ग्राम कोडकेल थाना तमनार पर थाना तमनार में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59 (क) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । कार्यवाही में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, आबकारी उपनिरीक्षक रमेश सिदार ( घरघोडा वृत्त), थाना तमनार के सहायक उप निरीक्षक सुरति लाल सिदार, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे,आरक्षक अनूप मिंज, भीष्म देव सागर तथा आबकारी आरक्षक लाकेश नेताम की अहम भूमिका रही है ।




**फोर्ड इंडिवर कार में ओड़िसा से अवैध शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार**

**आरोपियों से 400 लीटर महुआ शराब और परिवहन में प्रयुक्त फोर्ड कार की जप्ती**

# मुख्यमंत्री ने रायपुर जिले के 38546.50 लाख रूपये के 690 कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण/भूमिपूजन किया









**रायपुर** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर जिले के 38546.50 लाख रूपये के 690 कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण/भूमिपूजन किया। इसमें 475 लोकार्पण के कार्य जिसकी लागत 16324.17 लाख रूपये और 215 भूमिपूजन के कार्य जिसकी लागत 22222.33 लाख है। इसमें रायपुर जिले के सभी विधानसभा के कार्य शामिल हैं। इस अवसर धरसींवा विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, जिला पंचायत सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा, एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश में परिवर्तन की लहर

# सरकार के खिलाफ लोगों में आक्रोश, साव बोले- पूर्ण बहुमत से बनेगी भाजपा सरकार




मुंगेली । भाजपा की परिवर्तन यात्रा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के गृह विधानसभा क्षेत्र मुंगेली पहुंची। जहां अरुण साव ने कहा कि यात्रा को लेकर लोगों मे भारी उत्साह नजर आ रहा है।

वहीं प्रदेश की बघेल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भूपेश सरकार ने राज्य को नशे का गढ़, धर्मांतरण का गढ़ बना कर रख दिया है।

भाजपा नेता ने आगे कहा कि प्रदेश में परिवर्तन की बयार नजर आ रही है, युवाओं में सरकार के प्रति बेहद आक्रोश है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस सरकार को अरुण साव ने भूपेश-अकबर- ढेबर की सरकार बताया। अरुण साव ने कहा कि बीजेपी की परिवर्तन यात्रा से घबराकर कांग्रेस भरोसा यात्रा निकालने जा रही है।

# मुख्यमंत्री बघेल से आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

आगामी 3 अक्टूबर को डभरा में आयोजित सम्मेलन के लिए दिया आमंत्रण

**रायपुर**। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में सौंरा, गोंड़, बिझिया, उरांव, भुंजिया आदि 12 समाज के प्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल द्वारा विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर अंतर्गत डभरा में आगामी 3 अक्टूबर को आयोजित होने वाले समाज के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रतिनिधिमंडल को सम्मेलन में आमंत्रण के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति समुदाय को उनके अधिकारों का लाभ दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री श्री बघेल से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की विभिन्न जातियों को अनुसूचित जनजातियों में शामिल किए जाने संबंधित विधेयक पारित होने पर समाज में काफी हर्ष व्याप्त है। इसके तहत मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति आभार प्रदर्शन के लिए सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।



## स्पा सेंटर के मालिक ने युवती से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**रायपुर**। राजधानी में फिर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस बार अनुसूचित जाति की एक युवती से स्पा सेंटर के मालिक ने रेप किया है। युवती का आरोप है कि दवाई खिलाकर उससे होटल के कमरे में दुष्कर्म किया गया। वारदात के बाद आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी भी दी जिसके बाद युवती ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई, पुलिस ने अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## उधारी लेनदेन विवाद में युवक को चाकू मारा

**रायपुर** । टिकरापारा थाना क्षेत्र के उधारी लेनदेन के मामले मे एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। मामले में प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी सत्यम गुप्ता पिता स्व. रामनरेश गुप्ता 21 वर्ष निवासी सुदामा नगर टिकरापारा ने शिकायत दर्ज कराया कि कल शाम साहू काम्प्लेक्स सुलभ शौचालय के पास आरोपी नवीन एवं राजा ने उधारी लेनदेन के नाम पर प्रार्थी का रास्ता रोक लिया तथा रूपए वसूली के नाम पर गाली-गलौच व मारपीट करते हुए चाकू मारकर घायल कर दिया।

कुछ ट्रेनों के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

# मेंटनेंस कार्य के चलते टाटा-इतवारी और एलटीटी-शालीमार रहेगी कैंसिल

**रायपुर**। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सैक्शनों में ट्रेनों की गति बढ़ाने के साथ सुरक्षा संबंधी सुधार कार्य रेलवे ट्रैक का रखरखाव कार्यों के कारण कुछ ट्रेनों को कैसिंल किया गया हैवहीं कुछ ट्रेनों के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

4 से 20 अक्टूबर तक गाड़ी संख्या 18110 इतवारी-टाटा कैंसिल रहेगी। वहीं 1 से 17 तक 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। 3 से 19 अक्टूबर तक एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस को भी कैंसिल किया गया है।

रेलवे से मिली जानकारी अनुसार 2, 3, 6, 7, 9, 10,13 व 14 अक्टूबर को 12101 एलटीटी-शालीमार कैंसिल रहेगी। 4, 5,8,9, 11, 12, 15 व 16 अक्टूबर को 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। 2 से 18 अक्टूबर तक 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू रायगढ़ तथा झारसुगुड़ा के मध्य एवं 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू झारसुगुडा तथा रायगढ़ के मध्य कैंसिल रहेगी। 2, 5, 9, 12 तथा 16 अक्टूबर को 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी संबललपुर-तिल्दा होकर चलेगी। 4, 7, 11, 14 तथा 18 अक्टूबर को 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्स्प्रेस रायपुर-तिलदा संबलपुर से चलेगी। 3, 10 तथा 17 को 22866 पुरी-एलटीटी एक्स्प्रेस संबलपुर-तिलदा- रायपुर होकर चलेगी। 4, 5, 12 तथा 19 को 22865 एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस रायपुर-तिलदा-संबलपुर होकर चलेगी।



### जेडी और इंटरसिटी की टाइमिंग में बदलाव

नागपुर मंडल में 29 सितंबर से 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू झारसुगुड़ा से 7.20 बजे प्रस्थान करेगी एवं गोंदिया 21.20 बजे पहुंचेगी। 29 सितंबर से 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू रायपुर से 17.20 बजे के स्थान पर 20.40 बजे प्रस्थान करेगी एवं डोंगरगढ़ 22.55 बजे पहुंचेगी। 30 सितंबर से 12856 इंटरसिटी एक्सप्रेस इतवारी से 6.15 के स्थान पर 7.00 बजे प्रस्थान करेगी एवं बिलासपुर 14.15 बजे पहुंचेगी। 28 सितंबर को इतवारी से प्रस्थान करने वाली 18240 शिवनाथ एक्सप्रेस कोरबा तक जाएगी तथा वापसी में 18239 कोरबा से इतवारी के लिए रवाना होगी।

# अभिनेता अखिलेश पांडे को कला सम्मान से सम्मानित किया गया




**बिलासपुर** । छत्तीसगढ़ के नाम को पूरी दुनिया में फिल्मों के माध्यम से रोशन करने वाले अभिनेता अखिलेश पांडे जिनकी फिल्म किरण ने अब तक 57 अवार्ड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में जीते हैं। उन्हें राघवेंद्र राव सभा भवन में स्वर्गीय महेंद्र कपूर नाइट कार्यक्रम में कला सम्मान से सम्मानित किया गया। इस संदर्भ में जब हमने अखिलेश से बात की तब उन्होंने बताया कि एक कलाकार की असली चाहत सम्मान ही होता है और उन्हें बहुत खुशी है कि उनका सम्मान एक ऐसे महान कलाकार के कार्यक्रम में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह लगातार बिलासपुर व छत्तीसगढ़ के नाम को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का प्रयास करते रहते हैं। जिससे कि बिलासपुर शहर का नाम पूरी दुनिया में फिल्मों के लिए जाना जाए और वह इसी प्रयास में सतत लगे हुए हैं और वह छत्तीसगढ़ व बिलासपुर के स्थानिक कलाकारों को भी मंच प्रदान करने का प्रयास लगातार कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने आयोजक विजय दुबे, दीपक मिश्रा, आकाश दुबे, आदर्श विश्वकर्मा, नरेंद्र सिंह चंदेल व राजेंद्र सोनी जी के प्रयासों को भी सराहा और कहां की यह सम्मान कलाकारों के लिए संजीवनी बूटी जैसी है और ऐसे सम्मानों से कलाकार प्रेरित होते हैं और अच्छे-अच्छे कार्यों को करने का प्रयास करते हैं।

# बच्चों के स्वास्थ्य,पोषण एवं सर्वांगीण विकास के लिए करें बेहतरीन कार्य-कलेक्टर

**राजनांदगांव** । कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों के सुपोषण की दिशा में लगातार कार्य जारी रखें। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को अण्डा, चना, गुड़ पौष्टिक आहार के रूप में दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता होम विजिट करते हुए पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रही हैं। ऐसे में कुपोषण में कमी आयी है। कुपोषण की दर में लगभग 8 प्रतिशत की कमी आयी है। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के सुपोषण के लिए चलाए गए अभियान के कारगर परिणाम मिल रहे है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आगे भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने टीम को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सर्वांगीण विकास के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से बच्चों को सुपोषित करने के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में गर्म भोजन देने तथा स्मार्ट टीवी के माध्यम से दी जा रही शिक्षा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को सिखाने के साथ ही फिजिकल एक्टीविटी पर भी ध्यान दें और अन्य गतिविधियों से भी जोड़े। कलेक्टर ने इस दौरान नवीन आंगनबाड़ी भवन, आंगनबाड़ी भवन में विद्युतीकरण व मीटर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण प्राथमिकता से कराएं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत 6 वर्ष तक के गंभीर एवं कुपोषित बच्चों को तथा एनीमिक एवं सामान्य गर्भवती माताओं को गर्म भोजन दिया जा रहा है, इसे अच्छी तरह से सतत जारी रखें।



कलेक्टर सिंह ने प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना, सी-मार्ट से खरीदी, गौठानों में पोषण वाटिका, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के नियुक्ति एवं किराए के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पूरक पोषण आहार कार्यक्रम से संबंधित महिला स्वसहायता समूह को दिए गए भुगतान की जानकारी ली। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गुरप्रीत कौर ने जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र में किए जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुपोषण की स्थिति में सुधार आया है।

# परिवर्तन यात्रा में सासंद मनोज तिवारी का बिल्हा तखतपुर में रोड शो, परिवर्तन यात्रा का हुआ जगह जगह स्वागत

*तखतपुर और बिल्हा विधानसभा की आमसभा में सांसद मनोज तिवारी ने कहा – बघेल से बैर नहीं, भूपेश तुम्हारी खैर नहीं*

**बिलासपुर ।** उत्तर पूर्व दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा – 2 में शामिल हुए। तखतपुर और बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशाल आमसभा को अपने ठेठ देशी अंदाज में कविता , गाना गाकर उपस्थित जनसमुदाय से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने समर्थन मांगा। उन्होंने कहा की बघेल तो बहुत से हैं। बघेल से हमको बैर नहीं, भूपेश तुम्हारी खैर नहीं...।



मनोज तिवारी ने कहा कि जब मैं छत्तीसगढ़ी में कहते हुए सुनता हूं तो ऐसा लगता है जैसे भोजपुरी सुन रहे हैं। अपने अंदाज में कहा कि जिसने छत्तीसगढ़ की माताओं बहनों को दिया है धोखा उसको कैसे मिलेगा मौका ... जिसने युवाओं के भविष्य को दिया है धोखा उसको कौन देगा मौका । सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि मैं बैठे – बैठे मंच पर एक कविता बना रहा था ये छत्तीसगढ़ का दर्द है जिसको कविता के रूप में पिरोया है। आऊ नई साहिबों बदल के राहिबों... गांव गांव तैयारी हैं इसके खातिर आपके पास आया मनोज तिवारी है ... मां, बहनें, बेटियों के मुंह से सुन रहे है कि अब परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लैंड और सेंड माफिया, कोल माफिया को जान गए हैं। प्रदेश के मुखिया ठगेश को छत्तीसगढ़ वाले जान गए हैं। छत्तीसगढ़ के गांव गांव में आज जीवित अटल बिहारी है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। केंद्र से छत्तीसगढ़ को मनरेगा, घर घर नल लगवाने , घर बनवाने पैसा भेजा जाता है, पर बीच में ये ठगेश आ जाता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सनातन धर्म को नष्ट करने योजना बना रही है। एक नया गठबंधन बनाया है I.N.D.I.A.। ये अच्छे से जानते है कि अगर इनके पिछले गठबंधन यूपीए का नाम रखते। तो फिर जनता को याद आ जायेगा कोयला घोटाला , टू जी घोटाला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि ... अब नहीं साहिबों, बदल के रहीबों । छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार भौरा चलाने, गेड़ी चढ़ते और चम्मच से बासी खाने का काम कर रही है। सड़कों पर गड्ढे हैं। 16 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित रखा है। कांग्रेस के ही चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक के घर गड्डी गड्डी नोट मिला। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछना चाहता हूं कि ये पैसा किसका हैं? कोयला घोटाले का या शराब घोटाले का ....? ये पैसा छत्तीसगढ़ की गरीब जनता का है। बिजली बिल हाफ करूंगा बोला था क्या हुआ...? अपने हाथों में गंगाजल लेकर कसम खाई थी क्या वों झूठी थी। आज बिजली का बिल जब आता हैं, तो उसे देखकर झटका लगता है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने हमेशा से ही प्रदेश के हर वर्गों से छीनने का काम किया है कभी देने का काम नहीं किया है। पूरें पांच सालों तक बेघरों को आवास से वंचित रखा, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया, किसानों को खाद के नाम पर मिट्टी-मुरूम जबरदस्ती थमाया और अब चुनाव की नजदीकी देखकर जनता को एक बार फिर झुनझुना पकड़ाने का काम कर रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना का छत्तीसगढ़ को न मिले इसके लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनेक छल- प्रपंच किये और अब आवास देने की बात करके केवल ढोंग कर रहें है। यह बात प्रदेश की जान चुकी है कि प्रदेश में जो भी विकास कार्य हुए है वे सब केन्द्र की राशी का उपयोग करके हुआ है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब कितने भी झुठ की किताब लिख ले किन्तु प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार द्वारा इन पांच सालों में किये भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी और छलावे को नहीं भूल सकती। जनता ने अपना मन बना लिया है कि इस बार कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेकना हैं। परिवर्तन यात्रा में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं परिवर्तन यात्रा – 2 के प्रभारी नारायण चंदेल, मुंगेली के विधायक पुन्नुलाल मोहिले, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र स्वन्नी, डा कृष्णमूर्ति बांधी धरमजित सिंह पूर्व सांसद लखनलाल साहू, हर्षिता पाण्डेय, मोतीलाल साहू , नवीन मार्कण्डेय, कृष्णमूर्ति बांधी, राजू छतरी क्षत्रिय, अनुराग सिंहदेव उपस्थित थे।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आज आयोजित

**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 29 सितम्बर 2023 को जिला पंचायत कोरबा के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए मकान शहरी), प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम आदि योजनाएं शामिल हैं। बैठक में संबंधित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देशित किया गया है।

## एक नजर

### सारंगढ़ में रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र का वितरण 29 सितंबर को

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

विगत 20 सितम्बर को सारंगढ़ में रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया थाए जिसका प्रमाण पत्र वितरण शुक्रवार 29 सितम्बर 2023 को सुबह 11 बजे से इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ ;जनपद पंचायत सारंगढ़ कार्यालय के पीछे में किया जाएगा। अतः जिन आवेदक ने आवेदन जमा किया थाए वे उपस्थित होकर प्राप्त कर लें। किसी प्रकार की जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ रामजीत राम से मोबाइल नंबर 94241 84279 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे हितग्राही कौशल प्रशिक्षण के लिए 5 दिन में आवेदन जमा कर सकते हैं

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

सहायक संचालक कौशल विकास पुरुषोत्तम स्वर्णकार के नेतृत्व में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राहियों के लिए जनपद पंचायत सारंगढ़ और जनपद पंचायत बरमकेला में बुधवार को काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कुल 54 हितग्राही शामिल हुए, जिसके लिए जिला कौशल विकास प्राधिकरण के माध्यम से ऐसे हितग्राहियों का कौशल प्रशिक्षण सरिया आईटीआई में इलेक्ट्रिक डोमेस्टिस्टिक सॉल्यूशन बैच तैयार होने से डेमो क्लास शुरू कर दिया गया है। काउंसिलिंग कार्यक्रम में जो बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राही उपस्थित नहीं हो पाएए वे अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत या नगरपालिका या नगर पंचायत कार्यालय के बेरोजगारी भत्ता शाखा या अपने क्षेत्र के आईटीआई में पांच दिवस के भीतर समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

### राजधानी में नाबालिग को बंधक बनाकर मारपीट का वीडियो वायरल

पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, छेड़खानी का आरोपी भी पहुंचा सलाखों के पीछे

**रायपुर ।** राजधानी में अशांति फैलाने वालों पर लगातार पुलिस की सख्ती जारी है. इस बीच शहर के डीडी नगर इलाके से एक नाबालिग को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है. वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मुख्य आरोपी नारायण यादव (टीपू) को गिरफ्तार कर लिया है उसके खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. इसके अलावा मारपीट के मामले में भी परिजनों की शिकायत के आधार पर अतिरिक्त कार्रवाई की जाएगी. नारायण यादव आदतन अपराधी है इसके पहले भी वाह 2 महीने के लिए जेल जा चुका था 10 दिन पहले ही कोर्ट से जमानत पर वाह बाहर आया था और बाहर आते ही एक और घटना को अंजाम दिया है. वहीं एक अन्य छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने नारायण यादव के गुर्गे ईश्वर साहू को गिरफ्तार किया है और उसे भी जेल दाखिल किया गया है.

दरअसल डीडी नगर थाने में एक नाबालिग लड़की ने ईश्वर साहू के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत की थी. उसने बताया कि आरोपी युवक ने उसका हाथ पकड़कर उसे छेड़ खानी की थी और किसी को बताने पर चाकू से जान से मारने की धमकी भी दी थी.

नाबालिग की शिकायत के आधार पर थाना डीडी नगर में आरोपी ईश्वर आहूं के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया गया है.

### बालको में हिंदी पखवाड़ा पर स्वर काव्य गोष्ठी का आयोजन

**कोरबा ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने हिंदी दिवस के अवसर पर स्वर काव्य गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। हिंदी पखवाड़ा भाषा और हिंदी साहित्य के समृद्ध दुनिया के बारे में बताता है। स्वर संध्या में शहर के नामचीन साहित्यकारों, लेखक एवं कवियों के साथ-साथ बालको कर्मचारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना के साथ की गई जिसके बाद अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों और कवियों को सराहा तथा सम्मानित किया। हिंदी के आधुनिकीकरण में उद्योगों की भूमिका विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिष्ठित हिंदी लेखक डॉ गिरीश पंकज, डॉ परदेशी राम वर्मा और डॉ माणिक विश्वकर्मा ने ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने हिंदी के आधुनिकीकरण में उद्योगों की भूमिका विषय पर व्याख्यान देते हुए, हिंदी के महत्व, संरक्षण, विकास और संजोये रखने की अनिवार्य आवश्यकता पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ सरस्वती साहित्य समिति एवं मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन समिति, कोरबा के सहयोग से किया गया।

# जोन्दरापदर में दी शहीदों को श्रद्धांजलि

मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत देश भक्ति गीत गायन स्पर्धा का आयोजन

**कोंडागांव।** शहीद ए आज़म भगत सिंह की 116वीं जयंती पर मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत 28 सितंबर 2023 गुरुवार को बच्चों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा एवं उनके योगदान से परिचित कर बच्चों में देशभक्ति राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में वीरों का वन्दन माटी का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गांव से एकत्र मिट्टी को कलश में एकत्रित कर मिट्टी का वन्दन किया। देश की आजादी में योगदान देने वाले अमर शहीदों महात्मा गांधी ,सुभाष चंद्र बोस, छत्तीसगढ़ के पंडित सुंदरलाल शर्मा, वीर नारायण सिंह शहीद गुण्डाधुर, क्रांतिकारी भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद ,रानी लक्ष्मीबाई




**रंग बिरंगी वेशभूषा में बच्चों ने निकाली रैली बने आकर्षण का केन्द्र**

आदी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पूर्व प्रधान पाठक मधु तिवारी के नेतृत्व में रैली निकाली गई ,जिसमें शहीदों की रंग बिरंगी वेशभूषा में बच्चों ने बढ़-कर कर भाग लिया शिक्षिका ने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देश की आजादी में योगदान से परिचित कराया इस अवसर पर बच्चों के लिए देशभक्ति गायन स्पर्धा का भी आयोजन किया गया जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया ।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अलावा,बच्चों के पालक व ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे।

# माँ लिंगेश्वरी सेवा समिति ने मेला स्थल में चलाया स्वक्षता अभियान

487 भक्तो की मन्नत पुरी हुई

**फरसगांव।** ग्राम झाटीबन आलोर में सन्तान देने वाली माँ लिंगेश्वरी मेले का आयोजन 27 सितम्बर को सफलता पुर्वक किया गया संतान की मन्नत पुरी होने वालो की संख्या 487 और संतान की मन्नत मांगने वालो की संख्या 1356 रही । छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यो से दर्शन करने वाले श्रद्धालुओ की संख्या बढ़ रही है मेले के दौरान दोना, पत्तल, गिलास, कटोरी का बहुतायत मात्रा में प्रयोग किया गया था, साथ ही मेला स्थल के आसपास माँ लिंगेश्वरी सेवा समिति ने सफाई की जिससे ग्राम पंचायत झाटीबन मे सफाई अभियान चलाकर तत्परता ने गाँव में स्वछता की ओर एकदम बढ़ा लिया है । आज



बैठक में समस्त ग्रामवासियो ने सभी दर्शन करने पहुचे श्रद्धालुओं द्वारा कतार में खड़े होकर दर्शन और शांति बांये रखने सभी व्यवस्थाओ में लगे ग्रामीण, भंडारे का आयोजन करने वाले सामाजिक संघठन और शासन प्रशासन एवं समस्त मंदिर समिति कार्यकर्ताओ के प्रति ग्राम वासियो द्वारा आभार व्यक्त किया गया सफाई अभियान में मंदिर समिति के सदस्य,द्य फरसगांव नगर पंचायत कर्मचारी एवं ग्रामीण भी भारी संख्या में उपस्तिथ रहे ।

# आयुष्मान भवः कार्यर्क्रम के अंतगत अब तक 76 यूनिट हुआ रक्तदान

**कोण्डागांव।** आयुष्मान भवः कार्यर्क्रम के अंर्तगत दिनांक 25 से 27 सितम्बर तक जिला कोण्डागांव मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 76 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें विकासखण्ड फरसगांव में 13, कोण्डागांव में 48, विश्रामपुरी मे 15 यूनिट रक्तदान किया गया। आयुष्मान भवः कार्यर्क्रम के अंर्तगत ही माकड़ी विकासखण्ड में 29 सितम्बर को तथा केशकाल विकासखण्ड में 30 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में



जिला कार्यक्रम अधिकारी भावना महलवार ने बताया कि कलेक्टर दीपक सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 आरके सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न विकासखण्डों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अब तक कुल 76 यूनिट रक्तदान किया गया है। इन दान किए गए रक्त के द्वारा कई जटिल बीमारियों जैसे एनिमिया, सर्जरी के समय रक्त की आवश्यकता में रक्त प्रदान कर मरीजों की जान बचाई जा सकेगी। रक्तदान समय समय पर करते रहने से रक्तदाता स्वस्थ बना रहता है एवं समय पर किसी जरुरतमंद व्यक्ति की जान भी बच सकती है। आयुषमान भवः कार्यर्क्रम के अंतर्गत ही स्वच्छता पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। जो 01 अक्टूबर को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मनाया जायेगा। जिसके अंतर्गत कोण्ड़ागांव जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में साफ सफाई का कार्य सम्पादित किया जाना है एवं ग्राम सभा आयोजित करने पर फोटो के माध्यम से संस्था में स्वच्छता पखवाड़ा हेतु किये गये साफ सफाई कार्य का प्रदर्शन भी किया जायेगा।




# कोंडागांव नगर में धूम धाम से मनाया गया जश्ने मिलाद उन नबी

नगर में जुलूस निकाल कर मुस्लिम समुदाय ने मांगी अमन चैन की दुआ

**कोंडागांव।** आपको बता दे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुस्लिम समुदाय द्वारा 28 सितंबर को पैगंबर साहब का जन्म दिवस कोंडागांव मुस्लिम समाज के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। जिसमें कोंडागांव जामा मस्जिद से जुलूस निकाल कर पूरे शहर में गस्त करते हुए वापस जामा मस्जिद में पहुंचकर परचम कुशाई की गई। जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद समीम रिजवी द्वारा



परचम कुशाई कर देश के लिए अमन, शांति और देश की तरक्की की दुआ मांगी गई तथा एक दूसरे से गले मिलकर लोगों ने ईद की बधाई दी। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद यासीन, सचिव इरशाद खान, हाजी उमर मेमन, मोहम्मद शकूर खान, सैयद हाजी कादर, इमरान मेमन एवम इसरार अहमद सहित समाज के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।




# आकांक्षी विकासखण्ड के तहत माकड़ी के हुक्काबेड़ा, पाथरी और मारागांव में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

ग्राम पंचायतों को सशक्त बनानेयुवोदय कोडानार चैंप्स स्वयंसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

कोण्डागांव। जिला कोण्डागांव में 'सतरंगी सूत्र' के आधार पर युवोदय कोडानार चैंप्स स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।





इस कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायतों के विभिन्न विकास विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत आकांक्षी जनपद पंचायत माकड़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग सिन्हा के नेतृत्व में युवोदय कोंडानार चैंप्स स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत हुक्काबेड़ा, पाथरी और मारागांव में गंदगी मुक्त पंचायत, मलेरिया मुक्त पंचायत, एनीमिया मुक्त पंचायत, कुपोषण मुक्त पंचायत, शत प्रतिशत शिक्षित पंचायत, शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण के क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। जिसमें उपस्थित लोगों के साथ इन विषयों पर चर्चा की गई और ग्राम पंचायत के लगभग 453 सदस्यों ने इन विषयों को लेकर संकल्प भी लिया।

इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, उप सरपंच, पंचगण, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं, युवा, यूनिसेफ के जिला एवं ब्लॉक समन्वयक भी उपस्थित रहे हैं। यह कार्यक्रम आकांक्षी जिला को ग्राम पंचायतों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने का सशक्त प्रयास है और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का भी माध्यम है।

## आलिया भट्ट ने की नई फिल्म की अनाउंसमेंट, वसन बाला की जिगरा में नजर आएंगी एक्ट्रेस



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट हर बार अपनी एक्टिंग से फैंस को दीवाना बना लेती हैं. रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के हिट होने के बाद आलिया ने अपनी एक और फिल्म जिगरा की अनाउंसमेंट कर दी है. फिल्म से उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है. जो फैंस को काफी पसंद आ रहा है. इस फिल्म ने करण जौहर और आलिया भट्ट एक बार फिर साथ में काम करने वाले हैं. दोनों मिलकर फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले हैं. फिल्म को वसन बाला डायरेक्ट कर रहे हैं. करण जौहर और आलिया भट्ट दोनों ने ही सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है. वीडियो में आलिया का लुक दिखाया गया है साथ में एक वॉइस ओवर आता है।



## वेब सीरीज मेन्शन 24 में नजर आएंगी अभिनेत्री अविका गौर

अभिनेत्री अविका गोर जल्द ही वेब सीरीज मेन्शन 24 में नजर आने वाली हैं। अविका ने कहा कि राजू गारी गाधी 3 के निर्देशक ओमकार के साथ फिर से काम करना दिलचस्प रहा।

अभिनेत्री ने कहा, निर्देशक ओमकार के साथ दोबारा काम करना बेहद दिलचस्प है। मैंने उनके साथ राजू गारी गाधी 3 में काम किया, इस तेलुगु फिल्म को काफी सफलता मिली, इसलिए मैं उनके साथ दोबारा काम करके बहुत खुश हूं।

अविका ने कहा, इस प्रोजेक्ट में, उनके पास कई कहानियां और कई एक्शन हैं और उनकी खूबी हॉरर और थ्रिलर है, जिसे वह दर्शकों के सामने ला रहे हैं। मुझे खुशी है कि मुझे तेलुगु बाज़ार में बड़े पैमाने पर किसी चीज का हिस्सा बनने का अवसर मिला है और मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे इस पक्ष की सराहना करेंगे। सीरीज के पोस्टर के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, हां, पोस्टर बेहद दिलचस्प है क्योंकि आप वास्तव में यह पता नहीं लगा सकते हैं कि मैं अच्छी हूं, बुरी हूं या पीड़िता हूं। यह भ्रमित करने वाला है और मुझे यह पसंद है। मेरा पिछला कोई भी पोस्टर ऐसा नहीं था, इसलिए मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। जल्द ही इसका ट्रेलर जारी किया जाएगा। अविका ओटीटी क्षेत्र में कई फिल्मों, थिएटरों और श्रृंखलाओं पर काम कर रही है।

उन्होंने कहा, बहुत कुछ हो रहा है, लेकिन मैं इस समय अधिक विवरण साझा नहीं कर सकती। जैसे ही घोषणाएं होनी शुरू होंगी, मैं विवरण साझा करूंगी। मैं इस परिवर्तन को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि एक अभिनेता के रूप में आपको विभिन्न प्लेटफार्मों पर बहुत सारे अवसर मिलते हैं और मुझे खुशी है कि मैं उन्हें एक साथ हासिल करने में सक्षम हूं।

उन्होंने कहा, मुझे इस बात की भी खुशी है कि मैं लगातार हिंदी और तेलुगु में परियोजनाओं पर काम कर रही हूं और अभी बहुत कुछ आना बाकी है।

## ग्रीन थाई स्लिट गाउन पहन अवनीत कौर ने दिखाई दिलकश अदाएं

### बोल्ड लुक देख घायल हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद ही कम उम्र में इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस की हुस्न की बेबाक अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। हालांकि फैंस उनकी तारीफ करते हुए भी नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच तेजी से लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम प पोस्ट करती हैं तो हर वक्त इंटरनेट पर तबाही मच जाती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने ग्रीन कलर की स्टाइलिश थाई स्लिट गाउन पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में बेहद ही सिजलिंग एंड हॉट नजर आ रही हैं। फैंस अवनीत कौर की इन तस्वीरों को देखकर एक बार फिर अपना दिल हार गए हैं। अपने बालों का बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को ग्लैमरस तरीके से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर नहीं लग रहा गदर 2 का ब्रेक, 46 दिन बाद भी कमाई कर रही है सनी की फिल्म



सनी देओल स्टारर फिल्म 'गदर 2' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए डेढ़ महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन फिल्म का क्रेज अब भी ऑडियंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और फिल्म की कमाई बॉक्स ऑफिस पर थमने का नाम नहीं ले रही है. हालांकि 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई शाहरुख खान की जवान ने 'गदर 2' की कमाई को काफी प्रभावित किया. लेकिन सनी की फिल्म ने शाहरुख खान की लेटेस्ट रिलीज के आगे घुटने नहीं टेके और जवान नाम के तूफान का डटकर मुकाबला किया. फिलहाल रिलीज के 7वें हफ्ते में पहुंच चुकी 'गदर 2' अब भी टिकट खिड़की पर कमाई कर रही है. चलिए यहां जानते हैं 'गदर 2' ने अपनी रिलीज के 46वें दिन यानी सातवें सोमवार को कितना कारोबार किया? अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी 'गदर 2' साल 2001 में आई टगदर एक प्रेमकथाट की सीक्वल है. 'गदर 2' को भी ऑडियंस से भरपूर प्यार मिला और ये फिल्म साल 2023 की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है. बता दें कि इस लिस्ट में 'जवान' नंबर वन की पोजिशन पर है जबकि शाहरुख खान की ही 'पठान' दूसरे नंबर पर काबिज है वहीं 'गदर 2' की कमाई की बात करें तो फिल्म ने पहले हफ्ते 284.63 करोड़, दूसरे हफ्ते 134.47 करोड़, तीसरे हफ्ते 63.35 करोड़, चौथे हफ्ते 27.55 करोड़ रुपये, पांचवें हफ्ते 7.28 करोड़ रुपये और छठे हफ्ते 4.72 करोड़ रुपये कलेक्शन किया था.

दुनियाभर में चला जवान का जादू!

## शाहरुख खान की फिल्म ने वर्ल्डवाइड पार किया 1000 करोड़ का आंकड़ा



शाहरुख खान की फिल्म जवान दुनियाभर में एक के बाद एक नए रिकॉर्ड बना रही है. जहां फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है तो वहीं अब जवान वर्ल्डवाइड भी 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है.

रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर जवान के 1000 करोड़ के क्लब में शामिल होने की जानकारी दी है. जिसके मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1004.92 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. बता दें कि इससे पहले शाहरुख खान की जनवरी में रिलीज हुई फिल्म पठान ने भी 1055 करोड़ की कमाई की थी. अब जवान के जरिए किंग खान अपना ही ये रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद नजदीक पहुंच गए हैं.

## मृणाल ठाकुर की आंख मिचौली की रिलीज तारीख आई सामने, पहला पोस्टर भी जारी




बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म आंख मिचौली को लेकर चर्चा में हैं।फिल्म में उनके अलावा अभिमन्यु, परेश रावल, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।अब इस बीच आंख मिचौली की रिलीज तारीख सामने आ गई है।यह फिल्म इसी साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

फिल्म आंख मिचौली का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें सभी कलाकार मस्ती भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं।इसका निर्देशन उमेश शुक्ला द्वारा किया जा रहा है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।आशीष वाघ आंख मिचौली के निर्माता हैं।मृणाल की अन्य आगामी फिल्मों की बात करें तो वह पूजा मेरी जान और पिप्पा में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इसके अलावा वह तेलुगु फिल्म हाय नन्ना और मटका का भी हिस्सा हैं। उमेश ने फिल्म इंडस्ट्री को कई बड़ी फिल्में दी हैं। इनमें 102 नॉट आउट, ओह माय गॉड जैसी फिल्में शामिल हैं।

इस फिल्म के साथ ही शरमन जोशी काफी लंबे अंतराल के बाद फिल्म इंडस्ट्री में वापसी कर रहे हैं। वहीं मृणाल ठाकुर और विजय राज हाल ही में रिलीज हुई फरहान अख्तर की फिल्म तूफान का हिस्सा रही हैं। अगर बात करें परेश रावल की तो वे जल्द ही कॉमेडी फिल्म हंगामा 2 में नजर आने वाले हैं।

# खेल



इंग्लैंड ने फास्टेस्ट 100 रन का टीम रिकॉर्ड बनाया

## आयरलैंड के खिलाफ तीसरा वनडे बारिश की वजह से रद्द हुआ, इंग्लैंड ने सीरीज 1-0 से जीती

*ब्रिस्टल। आयरलैंड के खिलाफ ब्रिस्टल में खेले गए तीसरे वनडे में इंग्लिश बल्लेबाजों ने ODI में सबसे तेज 100 रन बनाने का टीम रिकॉर्ड बनाया। इग्लैंड के बल्लेबाजों ने केवल 8 ओवरों में 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हालांकि, तीसरा ODI बारिश की वजह से रद्द हो गया। इसी के साथ इंग्लैंड ने ODI सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। तीसरे वनडे में बारिश की वजह से पहली इनिंग में केवल 31 ओवर का खेल ही हो पाया। तब तक इंग्लैंड ने 4 विकेट के नुकसान पर 280 रन बना लिए थे।*

ओपनिंग करने उतरी फिल साल्ट और विल जैक्स की जोड़ी ने आते से ही अपने इरादे साफ कर दिए। पहले ओवर में ही फिल साल्ट ने 19 रन बनाए जो इंग्लैण्ड की तरफ से ODI में सबसे ज्यादा हैं। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर 21 गेंदों में ही टीम का स्कोर 50 पहुंचा दिया था। साल्ट ने 28 गेंदों में 61 रन की पारी खेली।

### बेन डकेट की पहली ODI शतक

नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने उतरे बेन डकेट ने इंग्लैंड के मोमेंटम को टूटने नहीं दिया। डकेट ने 72 गेंदों में अपना पहला ODI शतक लगाया। बारिश से मैच प्रभावित होने तक डेकट ने 78 गेंदों में नाबाद 107 रनों की पारी खेली।



### न्यूजीलैंड के नाम है फास्टेस्ट 100 का रिकॉर्ड

ODI क्रिकेट में टीम के सबसे तेज 100 रन बनाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है। 2015 में क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ 6.3 ओवर में ही 100 रन बना लिए थे।

एक नजर

## एशियन गेम्स के लिए टीम इंडिया रवाना

### ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे टीम का नेतृत्व, सीधे क्वार्टरफाइनल खेलेंगा भारत



चीन के हांगझोउ शहर में चल रहे एशियन गेम्स क्रिकेट मैच के लिए टीम इंडिया मुंबई एयरपोर्ट से गुरुवार को रवाना हो चुकी है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क (ट्विटर) पर ट्वीट करते हुए इस बात की जानकारी दी है। 4 साल में एक बार होने वाले एशियन गेम्स में इस बार फिर क्रिकेट को शामिल किया गया है। विमेंस क्रिकेट टीम ने पहले ही गोल्ड को अपने नाम कर लिया है। मेंस कैटेगरी के मैच 27 सितंबर से शुरू हो चुके है। 2 अक्टूबर तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले होंगे। 3 अक्टूबर को टीम इंडिया पहला क्वार्टरफाइनल खेलेगी, भारत का सामना ग्रुप-डी में टॉप करने वाली टीम से होगा। इसी तरह पाकिस्तान का मुकाबला ग्रुप-सी की टॉपर, श्रीलंका का मुकाबला ग्रुप-बी की टॉपर और बांग्लादेश का मुकाबला ग्रुप-ए की टॉपर से होगा। अफगानिस्तान और मंगोलिया को ग्रुप-ए में रखा गया है, इनके बीच एक मुकाबला एक अक्टूबर को होगा। 3-3 टीमों को बी, सी और डी ग्रुप में रखा गया। इन ग्रुप में टॉप करने वाली टीमें क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। जबकि ग्रुप-ए में जीतने वाली टीम क्वार्टरफाइनल की आखिरी टीम होगी।

## बजरंग-कालीरमण विवाद में साक्षी मलिक की एंट्री



*"इतना भी नहीं गिरना चाहिए कि बहन बेटियों का शोषण करने वाले का समर्थन करने लगो।*

**साक्षी मलिक, रेसलर**

**पानीपत।** हरियाणा के रेसलर बजरंग पूनिया और विशाल कालीरमण के बीच कुश्ती को लेकर चल रहे विवाद में महिला पहलवान साक्षी मलिक की भी एंट्री हो गई है। साक्षी मलिक ने ङ्क (पूर्व ट्विटर) पर 2 पोस्ट की है। जिसमें उन्होंने एक यूट्यूब चैनल पर कालीरमण के परिजनों की तरफ से दिए गए इंटरव्यू की क्लिप और दूसरी तरफ WFI के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा कोर्ट में सौंपी चार्जशीट से संबंधित एक अखबार की कटिंग लगाई है।

साथ में साक्षी ने लिखा- 'इतना भी नहीं गिरना चाहिए कि बहन बेटियों का शोषण करने वाले बृजभूषण का समर्थन करने लगो। यह वे लोग हैं जो खुलेआम बृजभूषण को क्लीन चिट दे रहे हैं, जबकि दिल्ली पुलिस कोर्ट में उस पर लगे आरोपों को अपनी जांच में सही बता रही है। हम धरने पर बैठे थे और हरियाणा के कई गद्दार लोग बृजभूषण से गुप्त मीटिंग करने गए थे। हमें उसी दिन समझ आ गई थी कि बृजभूषण हरियाणा में महिला पहलवानों की लड़ाई को कमजोर करने के लिए एक स्थायी विरोधी धड़ा तैयार कर रहा है, लेकिन बृजभूषण के चमचों ने एक बार भी न तो बृजभूषण का विरोध किया और न ही कुश्ती संघ का। इनका मकसद सिर्फ और सिर्फ महिला पहलवानों और उनके समर्थकों पर कीचड़ उछालना है।

### कालीरमण के परिजनों ने बृजभूषण को सही बताया

*साक्षी मलिक ने जिस यूट्यूब चैनल की क्लिप को ट्वीट किया है, उसमें विशाल कालीरमण के परिजन बृजभूषण शरण सिंह को सही बता रहे है। उनका कहना है कि वे भी बृजभूषण शरण सिंह से मिले थे। हमारी नजर में बृजभूषण शरण सिंह सही है।*

एशियाड में आज आठ मेडल मिले

## शॉटगन के स्कीट इवेंट में अनंतजीत को सिल्वर, वुशू में मेडल पक्का, अब तक 5 गोल्ड के साथ कुल 22 पदक




**हांगझोउ।** चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स में चौथे दिन भारत को कुल आंठ मेडल मिले। अनंतजीत सिंह शूटिंग के शॉटगन स्कीट में सिल्वर जीता। यह भारत का आज आठवां मेडल था। आज भारत को 2 गोल्ड सहित 7 मेडल शूटिंग में ही मिले। वहीं 2 गोल्ड के अलावा आज भारतीय एथलीटों ने 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते।

इससे पहले 25 मीटर पिस्टल में 34 स्कोर के साथ ईशा सिंह ने सिल्वर जीता। इससे पहले सिफत कौर ने 50 मीटर एयर राइफल थ्री पोजिशन में वर्ल्ड रिकॉर्ड 469.6 स्कोर के साथ गोल्ड जीता। आशी चौकसे ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं सेलिंग में विष्णु ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके अलावा, शूटिंग के शॉटगन स्किट में अंगद आनंद वीर सिंह बाजवा, अनंत जीत सिंह और गुरजोत सिंह ने टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

इससे पहले भारतीय शूटर मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्मम सांगवान ने 25 मीटर रैपिड पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता। उधर, 50 मीटर एयर राइफल थ्री पोजिशन में भारतीय विमेंस टीम सिफत कौर, मिनी कौशिक और आशी चौकसे ने सिल्वर मेडल जीत लिया। अब तक एशियन गेम्स में भारत के 20 मेडल हो गए हैं।

वहीं, वुशू में भारत का मेडल पक्का हो गया है। विमेंस 60 किलो कैटेगरी में भारत की रोशिबिना नाओरेम ने मेडल पक्का किया है। रोशिबिना ने सेमीफाइनल में वियतनाम की गुयेन थी थू को 2-0 से हराया।

## लाबुशेन के साथ मस्ती करते दिखे कोहली...डांस किया

### मैक्सवेल को गले भी लगाया, रोहित का गोली-शॉट हाथ में फंसा तो हैरान हुए मैक्सवेल; मोमेंट्स



भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला कई रोमांचक मोमेंट्स से भरा रहा। कोहली की लाबुशेन के साथ मस्ती और डांस हो या फिर ग्लेन मैक्सवेल को गले लगाना या रोहित के गोली जैसे तेज शॉट के अचानक एक हाथ में चिपकने पर मैक्सवेल का हैरानी भरा एक्सप्रेशन। इन लम्हों को देखकर फैंस रोमांचक हो उठे। हालांकि, सीरीज के आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया को 66 रनों की शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम ने सीरीज 2-1 से जीती। राजकोट में बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीता और पहले बैटिंग का फैसला किया। मेहमान टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 352 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 49.4 ओवर में 286 रन पर ऑलआउट हो गई।

# दूरी और जंगल तालिम पर रोडा बना तो संजय नेताम ने दिलाया हाईस्कूल

**जिपं उपाध्यक्ष संजय नेताम ने सीएम को बताई भूतबेडा के बच्चों की व्यथा तो मुखिया ने दे दी स्कूल खोलने के निर्देश**

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।





जिले के सुदूर जंगल के बीच बसे मैनपुर ब्लाक के भूतबेडा में मीडिल स्कूल तक की पढ़ाई हो जाती थी पर हाईस्कूल नहीं होने के कारण आदिवासी बच्चों की आगे की तालिम नहीं हो पाता था। पांच किमी में हाईस्कूल और घने जंगल का होना आगे के पढ़ाई के लिये सबसे बडा रोडा था।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने जब सीएम भुपेश बघेल से मुलाकात कर यहां के बच्चों की व्यथा बताई तो सीएम ने भूतबेडा में हाईस्कुल खोलने के निर्देश दे दिये। संजय नेताम पूर्व में कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी और जिपं उपाध्यक्ष के नाते गांव वालों ने हाईस्कूल की मांग की थी। आज गांव वालो की मांग पूरी हुयी तो गांव वालों ने उन्हे बुलाकर उनसे भूमिपूजन करवाया।

### हाईस्कुल शुभारम्भ और भूमिपूजन में गाँव के ये लोग हुये शामिल

जिपं उपाध्यक्ष के हाथो हाईस्कूल के शुभारम्भ और भूमिपूजन के अवसर पर भूतबेडा सरपंच अजय नेताम गोना सरपंच व कांग्रेस के जिला सचिव सुनिल मरकाम,कोचेंगा सरपंच प्रतिनिधि दीनाचंद मरकाम सहित मोतीराम नेताम,नंदलाल,फूलचंद मरकाम,पूरन मेश्राम पवन ठाकुर,बिहारी प्रधान,सुंदर नेताम,प्रेमसिंह नेताम, रामबाई,सतन बाई,मालती मरकाम,चैतीबाई,जरीना बाई नागेश के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें और ग्रामीणों ने हाईस्कुल की स्वीकृति को लेकर खुशी जाहिर की तो संजय नेताम ने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

### पन्द्रह किमी की दूरी और घना जंगल के कारण कई बच्चों ने छोड़ दी पढाई

भूतबेडा,कोचेंगा,गरिबा, भाटापानी,मोंगराडीह,साईबीन कछार छह गांव में मीडिल स्कूल तक की पढ़ाई होती थी आगे के पढ़ाई के लिये 15 किमी की दूरी तय कर शोभा हाईस्कूल जाना पडता था।दूरी और जंगली रास्ते के कारण यहां के कई बालिकाओ ने आगे की पढ़ाई छोड़ दी थी हाईस्कुल खोले जाने से अब किसी को पढ़ाई छोड़ना नहीं पड़ेगा।

### पांच किमी दूरी पर आगे की तालिम अब बेटीयां भी पढ़ सकेंगी

*भूतबेडा में हाईस्कुल खोले जाने को लेकर ग्रामीण 2011से मांग कर रहे थे हाईस्कुल होने से अब आसपास के छह गांव के 50 बच्चों को शिक्षा सुविधा मिल सकेगा वही जहां आगे तालिम के लिये 15 किमी की दूरी तय करना पड़ता था अब सरकार व जिपं उपाध्यक्ष के प्रमास से अधिकतम पांच किमी पर ही हाईस्कुल की पढ़ाई कर सकेंगे शुरूवाती दौर में इस सत्र में हाईस्कुल की 9वीं की कक्षा भूतबेडा के मीडिल स्कुल के अतिरिक्त कक्ष में लगेगी। गांव की बेटियों को भी आगे की पढ़ाई छोड़ना नहीं पड़ेगा इस पहल को लेकर गांव में खुशी है।*

# एक्सिस बैंक गुड़ेली शाखा का हुआ भव्य शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।







ढोल नगाड़ों और बैंक के सामने सड़क पर भगवान गणेश के गुजरते कारवां की उपस्थिति में जिला प्रशासन के डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य अतिथि टी आर महेश्वरी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत रायगढ़ के सभापति तुलसी विजय बसंत और जनपद पंचायत सारंगढ़ के उपाध्यक्ष चंद्रकुमार नेताम ने एक्सिस बैंक के गुड़ेली शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महेश्वरी ने कहा कि ग्रामीण अंचल में बैंक खुलने से सभी ग्रामीणों को आने जाने का समय और खर्च की बचत होगी। साथ ही साथ वह आकस्मिक रूप से कभी भी बैंक की सहायता ले सकते हैं। सभापति तुलसी विजय बसंत ने कहा कि गुड़ेली सहित आसपास के ग्रामवासियों के लिए अत्यंत हर्ष की बात है कि उनके क्षेत्र में बैंक खुल गया है। इसके लिए बैंक के अधिकारी कर्मचारी जिन्होंने यहां बैंक खुलवाने के लिए मेहनत किए, उन सभी को बधाई और शुभकामनाएं। उपाध्यक्ष चंद्रकुमार नेताम ने कहा कि विगत 10 वर्ष से यहां बैंक की आवश्यकता थीए जो आज मिल गया। बैंक अधिकारियों ने कहा कि वे सभी ग्राहकों और क्षेत्रवासियों को ध्यान में रखकर हमेशा सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर ग्रामीणजन और एक्सिस बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष समीर घृतलहरे द्वारा क्षेत्रीय विधायक व मुख्यमंत्री का पुतला दहन करेंगे।

जोहार छत्तीसगढ़-गिधौरी।



भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ 30 सितंबर 2023 को ब्लॉक इकाई भीम आर्मी कसडोल ब्लॉक अध्यक्ष समीर घृतलहरे और कार्यकर्ताओं के द्वारा 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक सकुंतला साहू का विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जाएगा। गुरु घासीदास चौक से बाजार चौक तक पैदल यात्रा के द्वारा समय दोपहर 1 बजे कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमे कार्यक्रम में भीम आर्मी कसडोल ब्लॉक अध्यक्ष समीर घृतलहरे व सभी युवाओं साथियों द्वारा प्रदीप कुमार, रूपलाल बंजारे, अभय भारती, यशवंत भारद्वाज, रोमी काटले,ज्ञान दास, राजा महिलांगे, अर्जुन भारद्वाज, साहिल बंजारे, आशीष बंजारे ने अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी कसडोल को ज्ञापन सौंपा।

# क्या भूपेश बघेल का यही है शिक्षा मॉडल

तिमाही परीक्षा शुरू हो गई और स्कूलों में शिक्षक तक नियुक्त नहीं कर पाई सरकार- खिलावन साहू पूर्व विधायक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



देश दुनिया में जाकर छत्तीसगढ़ के शिक्षा मॉडल का ढिंढ़ोरा पीटने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की झूठ के पोल खुलते जा रहे हैं। सरकारी और आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई ठप है। शिक्षकों की पदोन्नति और पदस्थापना में भ्रष्टाचार जिसे कोर्ट की लताड़ के बाद प्रदेश सरकार को स्वीकारना पड़ा, किसी से छिपा नहीं है। उक्त बातें कहते हुए भाजपा पूर्व विधायक सक्ती खिलावन साहू ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूल के माध्यम से विश्वस्तरीय शिक्षा देने का दावा करने वाली भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ में 56 हजार से अधिक शिक्षकों के खाली पद नहीं भर पाई है। छत्तीसगढ़ के जिस शिक्षा मॉडल और बेहतरीन सरकारी स्कूलों का भूपेश बघेल दम भरते रहते हैं उसकी असलियत जनता के सामने आने लगी है। स्कूलों में अभी तिमाही परीक्षाएं शुरू हो रही हैं और ज्यादातर स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। कई जगह तो स्कूल के बच्चों और पालकों ने मिलकर स्कूल में तालाबंदी तक की, लेकिन भूपेश सरकार नींद से नहीं जागी। और तो और जिन स्वामी आत्मानंद स्कूलों में बेहत्तर शिक्षा देने का दावा भूपेश बघेल करते हैं वहां के परीक्षा परिणाम बहुत ही खराब रहे हैं। पूर्व विधायक खिलावन साहू ने बताया कि धमतरी जिले में शिक्षकों के अभाव में बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। यहां के प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के स्कूलों में शिक्षकों के 304 पद रिक्त हैं। सबसे ज्यादा स्थिति ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में खराब है। जहां दर्जनों स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक नियुक्त है। कंडेल जैसे ऐतिहासिक गांव में केवल एक शिक्षक के भरोसे स्कूल चल रहा है। ग्राम बरना में तो ग्रामीणों ने शिक्षक की मांग करते हुए स्कूल में तक जड़ दिया था। पूर्व विधायकसक्ती खिलावन साहू ने सवाल किया है कि भूपेश बघेल क्या ऐसी ही शिक्षा व्यवस्था के साथ नया छत्तीसगढ़ गढने् का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता अब कांग्रेस की दोगली नीतियों को अच्छे से समझ गई है। उनके झांसे में नहीं आने वाली, चाहे कितना भी ढिंढोरा पीट लें। ढोल के पोल को सभी समझ गए हैं। पूर्व विधायक खिलावन साहू ने आगे कहा कि प्रदेश के प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेंकेंड्री स्कूलों में शिक्षकों के निर्धारित पदों की उपलब्धता को तो छोड़िए जिस स्वामी आत्मानंद स्कूल का ढोल पीटकर भूपेश के शिक्षा मॉडल का गुणगान किया जा रहा है, वहां भी रेगुलर तो छोड़िए संविदा शिक्षकों की भर्ती भी स्कूल खुलने के चार माह बाद भी नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला, कोयला घोटाला, गोबर घोटाला, सीजी पीएससी घोटाला की तरह स्वामी आत्मानंद स्कूलों में संविदा भर्ती में भी गड़बड़ी और घोटाले के मामले सामने आ चुके हैं। जशपुर, जांजगीर, राजनांदगांव, कांकेर समेत कई जिलों में भर्ती में गड़बड़ी और घोटाले उजागर हो चुके हैं। इन घोटालों के खुलने के बाद बेशर्म भूपेश सरकार को वहां की भर्ती प्रक्रिया तक निरस्त करनी पड़ी। जो सरकार सही तरीके से संविदा भर्ती नहीं कर पा रही है, उस सरकार से बेहतर शिक्षा की उम्मीद करना ही बेइमानी है। सक्ती के पूर्व विधायक भाजपा खिलावन साहू ने कहा कि विधानसभा में तात्कालीन स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया था कि छत्तीसगढ़ के स्कूलों में 56 हजार 232 पद खाली हैं। इनमें प्राथमिक शाला में 27150, पूर्व माध्यमिक शाला में 19619, हाई स्कूल में 2515 और हायर सेकंडरी स्कूल में 6948 शिक्षकों की कमी है। यह सरकार की खोखली शिक्षा नीति को दर्शाती है।

## जनहित से जुड़े व समयसीमा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें-आयुक्त

विकास व निर्माण कार्यो में गति लाएं, प्रगतिरत कार्यो को समय पर पूर्ण करें

**कोरबा** । आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि निकट भविष्य में निर्वाचन आचार संहित लगने वाली है। सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किये हैं कि सम्पत्ति विरूपण से संबंधित जगहों को चिन्हित कर लिया जाए, इसके साथ ही साथ सम्पत्ति विरूपण टीम गठित किया जाए, जिसमें संलग्न अधिकारी कर्मचारी हमेशा निगरानी पर रहे तथा पोलिंग पार्टी जहां रूकती है, उस स्थल का भी निरीक्षण कर लेंवे। मतदान सामग्री वितरण होता है, उसके आसपास के क्षेत्रों को साफ-सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया तथा मतदान से संबंधित आवश्यक सामग्री पेयजल व्यवस्था, लाईट व्यवस्था, पहुंच मार्ग, स्टेशनरी सामग्री एवं अन्य उपकरणों की समुचित व्यवस्था निर्धारित समय पर करने हेतु निर्देशित किया गया है कि आने वाले समय में किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पडे।

*उक्ताशय के निर्देश आयुक्त सुश्री ममगाई ने निगम कार्यालय में आयोजित समयसीमा की बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज समयसीमा की बैठक आयोजित की गई। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो सहित विविध नगर पालिक सेवाओं व जनसुविधाओं से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की, उन्होने जिला खनिज न्यास मद, निगम मद, महापौर एवं पार्षद मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की जोनवार, वार्डवार व मदवार समीक्षा की।*

# बसपा सुप्रीमो मायावती को अपने गरीब, दलित, पिछड़ों,जन जातीय समुदाय ,संविधान व इंडिया की सुरक्षा के लिए मैदान में अब उतरना चाहिए

जोहार छत्तीसगढ़-गिधौरी।





भारत में विधान सभा चुनाव व लोक सभा चुनाव करीब है। हर पार्टी के शीर्ष नेता,पार्टी सुप्रीमो घर बार बंगला छोड़कर अपनी पार्टी की जीत के लिए,पार्टी की साख बचाने के लिए,अधिक से अधिक सीट हासिल करने के लिए अपने कार्यकर्ता से गरीबों, पिछड़ों से,आदिवासियों से आम जनता से मिलकर वर्तमान में किन किन परिस्थितियों से वे गुजर रहे हैं उससे रूबरू होने लगातार जन संपर्क बनाएं हुए हैं ताकि अपनी अपनी पार्टी को अधिक से अधिक वोट हासिल हो सहे। अन्य पार्टी के साथ साथ बसपा के कार्यकर्ता दबी जुबान यह पूछ रहे हैं की बहन राज्यों का दौरा क्यों नहीं कर रही है क्या किसी पार्टी के सुप्रीमो को बंगले में घर में बैठे बिठा, वोट मिल जाएगा। सीटें मिल जाएगी,सरकार बना सकती है। ये तमाम सवाल अब उनके जेहन में उठने लगे हैं। सूत्रों का कहना है की बसपा यदि भारत में अपनी खोई हुई वोट,साख बचाना चाहती हैं तो उन्हें घर से बाहर सड़कों पर उतरना होगा। लोगों से मिलकर जनसमर्थन जुटाने का पूर जोर कोशिश करना होगा तभी पार्टी को सफलता मिलेगी अन्यथा सिर्फ अन्य सामान विचार धारा वाली पार्टी का वोट काटकर बीजेपी की झोली में वोट डालने का ही आप पर निरंतर आरोप लगेगा। जिस पार्टी को बसपा दुश्मन पार्टी समझती है वह देश में राज करके दलितों, आदिवासियों,पिछड़ो देश की आम जनता का शोषण करने का प्रस्ताव बना रही हैं और आप इस तरह हाथ में हाथ धरे बैठना क्या संत महापुरुषों व देश के अपने समुदाय के लिए न्यायोचित है ऐसे जो आरोप लग रहा है ऐसे आरोपों से बचाने,अपनी पार्टी की साख बचाने मैदान में आपको विरोधियों से डटकर मुकाबला करना होगा। तभी सफलता मिल पाएगी। ताकि पूरे देश में दलित, पिछड़ों,आदिवासियों,अल्पसंख्यकों से अधिकार खत्म होने से बचाया जा सकें यह काम आपके अलावा कोई नहीं कर सकता आप पर बहुजन समाज पूरी तरह से आश्वस्त हैं आप पर पूरा भरोसा रखें हुए हैं की बहन जी जंग में उतरे और दुश्मनों से लोहा लेकर अपने समाज,आम जनता के अधिकार व संविधान को सुरक्षित रखेंगे।

अभी बीजेपी द्वारा देश में नया संविधान लाने,पुरानी मनु स्मृति को फिर से बहाली करने, इंडिया को भारत नाम देने 14 हजार करोड़ रु खर्च करने तैयार है जैसी सूत्रों के हवाले से खबरें आ रही है यह खबरें क्या आप तक नहीं पहुंच पाई है जो हाथ में हाथ धरे बैठे हुए हैं और अपने गिने चुने कुछ नेताओं के हवाले पार्टी को छोड़ दिए हैं। क्या इन नेताओं के हवाले वोट प्राप्त होगा,समाज एकजुट होंगे यह बहुत बड़ा सवाल है।इन सवालों के जवाब बहुजन समाज के जेहन में हैं। इसके लिए आपको कमर कसकर मैदान में उतरना होगा आप यह कभी न सोचें की आप अकेली हैं आपके साथ तो पूरे देश वासी हैं,बहुजन समाज है फिर डर किस बात की है। आप यह न सोचें ऐसा करूंगी तो ईडी,आईटी, सीबीआई, मुझे जेल भेज देंगे आप राजनीतिक अखाड़ा में कूदे हैं तो ये सब डरेंगे तो अपने हक अधिकार कैसे मिलेगा। बहन आप एक विशाल समुदाय वर्ग की चहेती हैं आप सबके आंख के तारे हैं क्या अपने समुदाय के लिए जेल नहीं जा सकती कौन सा नेता है जेल नहीं गए जो भी गए उनकी पार्टी तेजी से उबरी है यह बात भी सच है। देश में वह कौन नेता है जो अपने लोगों के हक अधिकार के लिए जेल न गया हो, आप किसी चीज से न डरिए आपके साथ पूरे भारत के करोड़ों लोग खड़े हैं । देश में जिस दिन आप जेल जाओगे उस दिन पूरे देश में भूचाल मच जाएगा। हाहाकार मच जाएगा पार्टी से जो नाराज कार्यकर्ता,नेता हैं अलग थलक पड़े हुए हैं वे सभी आपके साथ खड़े होकर पार्टी में फिर से जान भर देंगे आपके साथ हर वर्ग के लोग खड़े हो जाएंगे फि र से बसपा का जो बिखराव वोट है वह आपकी झोली में आकर हर राज्यों में आपके अधिक से अधिक विधायक,सांसदों की संख्या बढ़ जाएगी फिर न आपके संविधान को छेड़ पाएगा। न आपके लोगों के साथ अन्याय,अत्याचार कोई कर पाएगा। दुश्मन आपसे लोहा लेने के लिए डरेंगे। आगामी लोक सभा चुनाव में यदि फिर से केंद्र में बीजेपी पूर्ण बहुमत से सांसद में बैठती है तो निश्चित ही ये सभी फरमान लागू हो जाएंगे। बसपा पार्टी की जो बहुजन सुखा, बहुजन हिताय का को उद्देश्य है उस पर भी विराम लग जाएगा। फिर बाद में पार्टी ये न कहें की मीडिया ने आम जनता नेएपार्टी के कार्यकर्ताओं ने बसपा को तो कोई सुझाव नहीं दिया था।बसपा के साथ साथ जो अन्य पार्टी के द लि त ए पिछड़ों,आदिवासी,अल्पसंख्यक के लोग जो बसपा को अंदर बाहर से चाहते हैं इन सूत्रों ने बसपा को वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी समान विचार धारा वाली पार्टीयों को गठबंधन कर एक दूसरे के विचार को समझते हुए, पुरानी बातों को भूलकर नए सिरे से कम से कम अपने लोगों के हक, अधिकार के लिए,संविधान की सुरक्षा के लिए हर राज्य के विधान सभा व लोक सभा चुनाव में इंडिया नाम का जो विपक्ष पार्टियां महा गठबंधन बनाई है उसमें शामिल होने का लगातार सुझाव आ रहा है।बहुजन समाज के लोगों को भरोसा है की विरोधियों को धूल चटाने आप इस पर गौर करते हुए, विचार विमर्श कर इस ओर तत्काल पहल करेंगे।

केन्द्र की मोदी सरकार जो बार-बार अपने सूत्रों के हवाले यह कह रही हैं की आगामी समय में भाजपा की सरकार आते ही, देश की बागडोर संभालते ही यहां नया संविधान,नई मनुस्मृति लागू की जाएगी। आरक्षण खत्म करने की जो बातें कही जा रही हैं बीजेपी के इस तुगलकी फरमान से जो वर्तमान समय में शोषित वर्ग सहमे व डरे हुए हैं इससे लगता है की अब हर राज्यों में देश के प्रमुख पार्टी जो सांसद से सड़क तक एकश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ों यात्रा से लोगों को एकजुट कर रहे हैं। समर्थन मांग रहे हैं सभी पुरानी बातों को भूलकर उनके साथ गठबंधन कर शोषित समाज और आम जनता को बचाने उनके अधिकारों,संविधान को बचाने अब कांग्रेस,सपा, आरजेडी सहित तमाम समान विचार धारा की पार्टियों से साथ चुनाव लड़कर बीजेपी को उखाड़ फेंकने की तरकीब अपनाना चाहिए अन्यथा स्वयं भुगतने और शोषितों को भुगतने उन्हें उनके हालात में छोड़ दें। आप लोगों से ये सब नहीं होता है तो सब शोषित,दलित, पिछड़ों की हमदर्द पार्टियां चुनाव मैदान छोड़कर चुपचाप अपने अपने घरों में बैठ जाना चाहिए कम से कम वे पार्टियां जो शोषित वर्ग, किसानों के लिए,पिछड़ों के लिए, आदिवासियों के लिए जो काम करना चाहती है उन्हें यह कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सके। इससे कम से कम बीजेपी को तो हार का सामना करना पड़ेगा। बीजेपी को विभिन्न राज्यों में हराने का 2 ही मूल मंत्र है पहला गठबंधन करें या मैदान छोड़ कर चुचाप घर में बैठ जाएं। ऐसे भी अधिकांश का कहना है की सामने चुनाव है बहन घर में क्यों बैठी हैं। आखिर वे किससे डर रही हैं। क्या उनके जेल जाने से बसपा पीछे हो जाएगी। ये तमाम सवाल उनके चाहने वालों के मन में उठ रहा है। क्या उनको मान्यवर कांशीराम द्वारा समाज जोड़ों के तहत पूरे देश में जो साइकिल यात्रा कर अनुसूचित जाति, जन जाति, पिछड़ों वर्ग,सामान्य वर्ग एअल्पसंख्यक समुदाय को जोड़ने का जो प्रयास किया उसे भूल गई,क्या अब कांशीराम के कारवां को आगे बढ़ाने मैदान में नहीं उतर सकती,क्या उनका मकसद पूरा हो गया है, क्या देश में जन्में संत महापुरुषों कबीर,गौतम बुद्ध,रविदास, बाबा गुरु घासीदास, साहू महाराज, पेरियार रामास्वामी, ज्योतिबा राव फूलेए लल्लाई सिंह यादवए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर,कांशीराम के सपने पूरे हो गए जो घर में बैठकर इतने बड़े वर्ग का नेतृत्व घर में बैठ कर चुनाव का संचालन कर रही है,अब बहन किस समय का इंतजार कर रही है ये सब वहीं जानें।

# श्राद्ध और तर्पण से मिलती है पितृ ऋण से मुक्ति-अरविन्द तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

**हिन्दू धर्म में श्राद्ध का विशेष महत्व है। भाद्रपद की पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक सोलह दिनों तक का समय श्राद्धपक्ष कहलाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार पूर्वजों के आत्मा की शांति और उनके तर्पण के निमित्त श्राद्ध किया जाता है।**



इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया प्रत्येक मनुष्य को लिये देवऋण, ऋषिऋण और पितृऋण रहता है जिसमें मनुष्य स्वाध्याय करके ऋषिऋण से ए यज्ञ करके देवऋण से और श्राद्ध तर्पण करके पितृऋण से मुक्त होता है। वैसे तो भारत के अनेकों स्थानों पर पिंड दान किये जाते हैं। लेकिन पिंडदान के लिये गया तीर्थ सर्वोत्तम माना गया है। श्राद्धपक्ष में पितरों का तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष प्राप्त होता है। श्राद्ध में पितरों का तर्पण करने के लिये तिल, जल, चांवल, कुशा, गंगाजल आदि का इस्तेमाल जरूर करना चाहिये। वहीं केला, सफेद फू ल उड़द, गाय के दूध,घी, खीर, जौ, मूंग, गन्ना के इस्तेमाल से पितर प्रसन्न होते हैं। श्राद्ध के दौरान तुलसी एआम और पीपल के पेड़ पर जल चढ़ायें और सूर्यदेवता को सूर्योदय के समय अर्ध्य जरूर दें। पितरों को याद करने, तर्पण एवं श्राद्ध करने के लिये इन दिन का समय तय किया गया है। पितृपक्ष भाद्रपद मास की पूर्णिमा और आश्विन माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होते हैं। इस साल पितृपक्ष 29 सितंबर पूर्णिमा से शुरू होकर 14 अक्टूबर विसर्जन तक चलेगा। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार श्राद्ध पक्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक कुल सोलह दिनों तक चलता है। इन सोलह दिनों में हर दिन अलग.अलग लोगों के लिये श्राद्ध होता है, इसका प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण है। वैसे अक्सर यह होता है कि जिस तिथि को व्यक्ति की मृत्यु हुई है। श्राद्ध में पड़ने वाली उस तिथि को उसका श्राद्ध किया जाता है। लेकिन इसके अलावा भी यह ध्यान देना चाहिये कि नियम अनुसार किस दिन किसके लिये और कौन सा श्राद्ध करना चाहिये।

## किसको करना चाहिये श्राद्ध

रुति स्मृति पुराणों के अनुसार पिता के श्राद्ध का अधिकार उसके बड़े पुत्र को है लेकिन यदि जिसके पुत्र ना हो तो उसके सगे भाई या उनके पुत्र श्राद्ध कर सकते हैं। यह कोई नहीं हो तो उसकी पत्नी कर सकती है। हालांकि जो कुंआरा मरा हो तो उसका श्राद्ध उसके सगे भाई कर सकते हैं और जिसके सगे भाई ना हो, उसका श्राद्ध उसके दामाद या पुत्री के पुत्र नाती, को और परिवार में कोई ना होने पर उसने जिसे उत्तराधिकारी बनाया हो एवह व्यक्ति उसका श्राद्ध कर सकता है।

## सोलह तिथियों का महत्व

*पूर्णिमा, प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी और अमावस्या ये श्राद्ध की सोलह तिथियां हैं। उक्त किसी भी एक तिथि में व्यक्ति की मृत्यु होती है चाहे वह कृष्ण पक्ष की तिथि हो या शुक्ल पक्ष की। श्राद्ध में जब यह तिथि आती है तो जिस तिथि में व्यक्ति की मृत्यु हुई है उस तिथि में उसका श्राद्ध करने का विधान है। इसके अलावा प्रतिपदा को नाना.नानी का श्राद्ध कर सकते हैं। जिनकी मृत्यु अविवाहित स्थिति में हुई है उनके लिये पंचमी तिथि का श्राद्ध किया जाता है। सौभाग्यवती स्त्री की मृत्यु पर नियम है कि उनका श्राद्ध नवमी तिथि को करना चाहिये क्योंकि इस तिथि को श्राद्ध पक्ष में अविधवा नवमी माना गया है। यदि माता की मृत्यु हो गई हो तो उनका श्राद्ध भी नवमी तिथि को कर सकते हैं। जिन महिलाओं की मृत्यु की तिथि मालूम ना हो, उनका भी श्राद्ध नवमी को किया जाता है। इस दिन माता एवं परिवार की सभी स्त्रियों का श्राद्ध किया जाता है।इसे मातृ नवमी श्राद्ध भी कहा जाता है। इसी तरह,कादशी तिथि को सन्यास लेने वाले व्यक्तियों का श्राद्ध करने की परंपरा है जबकि सन्यासियों के श्राद्ध की तिथि द्वादशी बारहवीं भी मानी जाती है। श्राद्ध महालय के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को बच्चों का श्राद्ध किया जाता है। जिनकी मृत्यु अकाल हुई हो या जल में डूबने, शस्त्रों के आघात या विषपान करने से हुई हो उनका चतुर्दशी की तिथि में श्राद्ध किया जाना चाहिये। सर्वपितृ अमावस्या पर ज्ञात-अज्ञात सभी पितरों का श्राद्ध करने की परंपरा है। इसे पितृविसर्जनी अमावस्या, महालय समापन आदि नामों से जाना जाता है।*

## एक नजर

### सारंगढ़ के ईडीएम पद का दावा आपत्ति 29 सितम्बर को कार्यालयीन समय तक ईमेल से आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कार्यालय कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में ई.जिला तकनीकी प्रबंधक ईडीएम ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसके पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया है। अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति, आवश्यक दस्तावेज की छायाप्रति के साथ 29 सितंबर 2023 को कार्यालयीन समय तक कार्यालय के ईमेल पद कलेक्टर डेस एसजीएचबीजीएच एट द रेट सीजी डॉट जीओवी डॉट इनद्ध में भेज सकते हैं। पात्र-अपात्र की सूची जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पद ;रायगढ़ डॉट जीओवी डॉट इन में उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि जारी विज्ञापन में भर्ती प्रक्रिया आदि का समय अवधि में दावा आपत्ति 29 सितंबर 2023 तक का पूर्व में उल्लेख किया जा चुका है।

### राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर में भर्ती के लिए रजिस्टर्ड डाक से 9 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**भर्ती में अनुवादक, सहायक ग्रेड-3 कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रोसेस राईटर, वाहन चालक भृत्य, आदेशिका वाहक के पद शामिल**

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर छग एवं अधीनस्थ स्थापनाओं में रिक्त अनुवादक हिन्दी से अंग्रजी सहायक ग्रेड-3 कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रोसेस राईटर, वाहन चालक एवं भृत्य, आदेशिका वाहक के पदों के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र अंतिम तिथि 09 अक्टूबर 2023 की संध्या 5 बजे तक रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट कोरियर द्वारा अनिवार्य रूप से पहुंच जाना चाहिए। लिफाफा में स्पष्ट रूप् से आवेदित पद के नाम के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखा हो और पता में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर छत्तीसगढ़ पिन 495001 परीक्षा सेल अनुभाग, में भेज सकते हैं। वेबसाईट सीजी एसएलएसए डॉट जीओवी डॉट इन से विज्ञापन का अवलोकन किया जा सकता है। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति निवासी आदि से संबंधित प्रमाणपत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित ;सेल्फअटेस्टेडद्ध प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। लिखित परीक्षा पश्चात् अर्हताधारी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए उपस्थित होने हेतु पृथक सूचना दी जायेगी। जिन उपयुक्त अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा तिथि के पूर्व तक उपस्थित होने की सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो वे वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर पहचान पत्र तथा ड्राईविंग लायसेंस वोटर आईडी आधार कार्ड पैन कार्ड सहित उपस्थित होंगे। यदि उनकी उम्मीदवारी सही पाई गई तो कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सकेगी।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों के दस्तावेज सत्यापन कार्य अपरिहार्य कारणों से स्थगित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले में फार्मासिस्ट ग्रेड-2, ड्रेसर ग्रेड-1, ड्रेसर ग्रेड-2, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं डार्करूम असिस्टेंट के कुल 90 पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उक्त रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दावा आपत्ति उपरांत अनंतिम मेरिट सूची के आधार 3 से 6 अक्टूबर 2023 को दस्तावेज सत्यापन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिसे तत्काल प्रभाव से अपरिहार्य कारण से स्थगित किया जाता है।

### एकलव्य आदर्श विद्यालयः कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसलिंग आयोजित

कोरबा ।एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग की प्रक्रिया संपन्न कराई जा चुकी है। शेष सीटों में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसलिंग 29 सितंबर 2023 को आयोजित किया गया है। यह काउंसलिंग प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि द्वितीय काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थियों को स्वयं की 5वीं की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र (यदि जारी हुआ हो), जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटो 05 नग, आरक्षण के तहत चयनित हो तो आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र तथा मेडिकल प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो तो) के साथ उपस्थित होना होगा।

# सुपा की आंचलिक अग्रवाल सभा की बैठक में शामिल हुए सुनील रामदास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



अग्रोहा सेवा संघ परिक्षेत्र चन्द्रपुर-डभरा की कार्यकारणी की बैठक गत 26 सितम्बर को सुपा में आयोजित की गयी। इस सामाजिक संस्थान द्वारा हर दो माह में एक बार बैठक आयोजित की जाती है और इस बैठक में संस्थान द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यों की समीक्षा एवं भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाई जाती है। इस बैठक में सुनील रामदास शामिल हुए। समाज के सभी लोगों ने उनका अभिनंदन किया। उन्होंने अपने विचार रखे। सुनील रामदास ने अपने उद्बोधन में कहा प्रत्येक अग्रवाल बंधुओं का जन्म समाज सेवा के लिए ही हुआ है। सेवा हेतु समाज द्वारा जब कभी उन्हें याद किया जाएगा सेवा के तत्पर रहूंगा। आगे उन्होंने कहा कि अग्र समाज के सामाजिक कार्यों का केन्द्र सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय रहता है। इस समाज द्वारा भारत के हर कोने में मंदिर, प्याऊ, धर्मशाला व चिकित्सालय आदि सेवाएं स्थाई रूप में मिल जाएगी। क्योंकि यह समाज, समाज से कमा कर समाज में पुन: सेवा के रूप में लौटाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि अग्रोहा सेवा संघ परिक्षेत्र चंन्द्रपुर.डभरा द्वारा सर्व समाज के हित में कई कार्य किए गए हैं और हमारा उद्देश्य रहता है कि सर्व समाज के हित में अधिक से अधिक सेवा गतिविधियों को बढ़ाएं जिससे कि हर समाज के जरूरतमंद व्यक्ति की सार्वजनिक सेवा में हम सहभागी बने। इसलिए अग्रवाल बंधुओं को अग्र समाज के संज्ञा से सम्बोधित भी किया जाता है और इस बैठक में किए गए कार्यों के चर्चा के साथ.साथ प्रस्तावित कार्यों पर भी चर्चा हुई। अत: किए गए कार्य के साथ-साथ प्रस्तावित कार्य सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के भारतीय विचार से प्रेरित हैं। कार्यों को करने का यही भाव मुक्त कंठ से प्रशंसा योग्य है। सक्ति और रायगढ़ जिले के लगभग 50 गांवों के सदस्यों से मिलकर गठित यह संस्था लगभग 32 वर्षों से अंचल में कार्य कर रही है। इस संस्थान द्वारा सर्व समाज की उपयोगिता हेतु अंचल में भिन्न प्रकार के कार्य किए गए हैं और इस बैठक में भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। अग्रोहा सेवा संघ परिक्षेत्र चंन्द्रपुर डभरा के अध्यक्ष सोमराज अग्रवाल, सचिव सौरभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल और आमंत्रित सदस्य व कार्यकारणी के सदस्य सर्वश्री पवन अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल,कृष्ण अवतार अग्रवाल, शरद अग्रवाल, हंसु अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल रायगढ़, नरेश अग्रवाल रायगढ़,संतोष अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजय अग्रवाल,मुकेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल,गोविन्द अग्रवाल, नरेश अग्रवाल सुपा,आदि की उपस्थिति रही। कार्यकारणी द्वारा आयोजित सभा को अध्यक्ष सोमराज अग्रवाल ने संबोधित किया।



# भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस का स्वागत किया

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



शक्ति शहर में 28 सितंबर को मुस्लिम समाज के पवित्र पर्वत ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर के जामा मस्जिद से भव्य जुलूस समाज बंधुओ ने निकाला, यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए गौरव पर मार्ग स्थित अग्रसेन चौक के पास पहुंचा, जहां पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सैयद आबिद के नेतृत्व में भाजपा जनों, समाज बंधुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने इस जुलूस का जोरदार स्वागत किया, सैयद आविद के नेतृत्व में पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, भाजपा जिला महामंत्री टिकेश्वर गवेलए मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल, रामनरेश यादव, प्रेम लाल पटेल,अन्नपूणिमा राठौर, रंजन सिन्हा, प्रमेन्द्र ठाकुर, अमन डालमिया,लखन नामदेव, मनोज सोनी, अतुल शर्मा,नटवर गोंड, पटेल, सतेन्द्र नाथ सोनी, गोविंद निराला संजू खान ने मुस्लिम समाज के बंधुओ को माला पहनकर मुंह मीठा कराया तथा उन्हें ईद की मिलादुनबी की बधाई दी। इस अवसर पर स्वल्पाहार तथा शरबत की व्यवस्था की गई थी एवं ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु महिलाएं एवं युवतियां भी मौजूद थी। तथा पूरे जुलूस का उत्साह देखते ही बन रहा था एवं ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समाज के प्रमुख महबूब भाई ने भी इस यात्रा स्वागत के लि सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज सक्ती शहर में आपसी भाईचारा एवं समन्वय एक मिसाल है तथा हम मुस्लिम की और से आभार व्यक्त किया।

# नाबालिग पीड़िता के साथ छेड़खानी व बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर उपजेल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रकरण के नाबालिग पीड़िता द्वारा 19 सितंबर को गांव के तीन लड़के आरोपिओ के विरुद्ध छेड़खानी की घटना कारित करने के सम्बन्ध में लिखित में आवेदन देकर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354,34 एवं पास्को एक्ट धारा 8के तहत अपराध पंजीबद्ध कराया था। विवेचना दौरान गांव के तीनो आरोपी लड़को को तत्काल गिरफ्तार कर रिमांड पर उपजेल बेमेतरा भेजा गया है, प्रकरण के नाबालिग पीड़िता द्वारा घटना क 3-4 दिन बाद अपने परिजनों को बताया कि उसके साथ बलात्कार किया है एवं बलात्कार में सहयोग किया है किन्तु अचानक अपने साथ हुए इस प्रकार की घटना के कारण भयवश पूरी बात न बताकर पुलिस थाना में सिर्फ छेड़खानी की बात ही बताई थी। इस सम्बन्ध में पीड़िता व परिजनों द्वारा पुनः 26 सितंबर 23 को वरिष्ठ कार्यालय में नाबालिक पीड़िता के साथ बलात्कार की घटना के सम्बन्ध में आवेदन पत्र दिया गया। प्रकरण की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया ने तत्काल उसी दिनांक को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बेरला तेज राम पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कौशल्या साहू, महिला निरीक्षक संतोषी ग्रेस,एवं थाना प्रभारी बेरला विवेक पाटले




की टीम गठित कर सूक्ष्मता से विधिवत जांच कर सच्चाई सामने लाने का निर्देश दिया। टीम के सभी अधिकारियों ने पीड़िता के घर जाकर पीड़िता,परिजन, व स्वतंत्रता गवाहों से बारीकी व संवेदनशीलता से पूछताछ कर घटना के सम्बन्ध में विस्तृत तथ्यात्मक जानकारी ली गई। पीड़िता व परिजनों के पूरक कथन दर्ज किया गया। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी दुर्ग मोहन पटेल से करवाया गय जांच के दौरान पाए गए तथ्यों,पीड़िता के चिकित्सकीय परीक्षण,,पीड़िता पूरक कथन के आधार पर प्रकरण में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 जी, एवं पास्को एक्ट की धारा 4,6पास्को एक्ट जोड़ी गई। इस सम्बन्ध में माननीय न्यायालय को भी अवगत कराया गया। प्रकरण की अग्रिम विधिवत विवेचना वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की जा रही है।

# 546 मरीज डेंगू को मात देकर हुए पूरी तरह स्वस्थ

## कोई मरीज गंभीर नहीं, डॉक्टर्स कर रहे लगातार निगरानी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**डेंगू के मरीजों को लेकर एक अच्छी खबर है। अब तक मिले 693 मरीजों में से 546 लोग डेंगू को मात देकर पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। वहीं 145 लोगों का इलाज जारी है, जिनमें से अधिकांश लोग घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।**



स्वास्थ्य विभाग से डॉ.भानु पटेल ने बताया कि डॉक्टरों की टीम इन मरीजों पर लगातार नजर बनाए हुए है। इनमें से कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। इसके साथ ही डेंगू के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए भी कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने मार्गदर्शन में नगर निगम और स्वास्थ्य का अमला लगातार कार्यरत है। सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। जन-जागरूकता अभियान के कारण डेंगू लार्वा को नष्ट करने में मदद मिल रही है।

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक व विशेषज्ञ डॉ.पी के गुप्ता कहते हैं कि डेंगू फीवर में मरीजों का प्लेटलेट काउंट कम हो जाता है। किंतु कुछ मामलों में ही गंभीर रूप से कम होता है, जिनमें प्लेटलेट चढ़ाने की जरूरत होती है। ऐसा डेंगू के कुछ प्रतिशत मामलों में ही होता है। अधिकतर मरीज सही इलाज से बिना प्लेटलेट चढ़ा, रिकवर कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि प्लेटलेट काउंट 20 हजार से कम होने पर मरीज को प्लेटलेट चढ़ाना होता है। डेंगू में प्लेटलेट का काउंट कम होता है। किंतु मरीज को गंभीरता के लिए सिर्फ प्लेटलेट ही पैमाना नहीं है। डॉक्टर प्लेटलेट के साथ मरीज के लक्षण देख कर निर्णय लेते हैं कि प्लेटलेट कब चढ़ाया जाना है। उन्होंने बताया कि लगातार चल रहे जन जागरूकता अभियान और क्लोज कॉन्टैक्ट सर्वे से डेंगू के जांच का दायरा बढ़ा है। टेस्टिंग बढ़ने से पॉजिटिव केसेस में इजाफा देखने को मिल रहा है। लेकिन इनमें से 78 प्रतिशत के करीब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं, जो कि अच्छी बात है। वहीं इलाजरत मरीजों में से दो तिहाई से अधिक घर पर रहकर इलाज करवा रहे हैं।

### लक्षण दिखने पर सतर्कता जरूरी

डॉ.पी.के.गुप्ता ने बताया कि डेंगू संक्रमित अधिकांश लोग सही इलाज और एहेतियात के साथ जल्द स्वस्थ हो जाते हैं। लक्षण के बाद भी जांच करवाने और डॉक्टरी परामर्श लेने में देरी करना कतई उचित नहीं है, किसी अन्य प्रकार की गंभीर बीमारी से पीड़ित है तो उन्हें खास सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। डेंगू के लक्षण दिखने पर तुरंत ब्लड टेस्ट कराना चाहिए और डॉक्टर से इलाज करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अभी जरूरत के अनुसार प्लेटलेट की पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने बीपी शुगर के मरीजों को डेंगू को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### जानें डेंगू के लक्षण

तेज बुखार आना, तेज सिर दर्द होना, स्किन पर लाल चकते होना, आंखों के नीचे दर्द, जॉइंट और मसल्स में दर्द, अत्यधिक थकान होना, उल्टी और मतली, पेट में दर्द होना

### डेंगू से कैसे करें बचाव

डॉक्टर कहते हैं कि डेंगू फीवर से बचने के लिए आपको मच्छरों से बचाव करना होगा। मच्छरों से बचने के लिए मॉस्किटो रेपेलेंट क्रीम या लोशन लगाएं। रात के समय मच्छरदानी लगाकर सोना चाहिए। बुखार आने पर डॉक्टर से सलाह लेकर ब्लड टेस्ट कराना चाहिए। अगर आप शुरुआती स्टेज पर इसका इलाज शुरू कर देंगे, तो आप जल्द ही डेंगू से रिकवर कर सकते हैं।

### डेंगू मरीजों के उपचार के लिए बनाए गए हैं विशेष वार्ड, दवाइयां व संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध, निजी अस्पतालों को भी निर्देश जारी

*कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मार्गदर्शन में डेंगू मरीजों के उपचार के लिए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में विशेष वार्ड बनाए गए हैं। जिला अस्पताल में 30 बिस्तर और मेडिकल कॉलेज में 50 बिस्तर का वार्ड तैयार किया गया है। इसके अलावा सभी पीएचसी और सीएचसी में भी बेड की व्यवस्था की गई है। दवाइयों और जांच किट भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जरूरतमंद मरीज के लिए प्लेटलेट के लिए भी समुचित व्यवस्था है। निजी अस्पतालों की बैठक लेकर उन्हें मरीजों के इलाज के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए निर्देशित किया गया है। आयुष्मान कार्ड लेकर आने वालों को कार्ड के तहत उपचार करने के निर्देश दिए गए हैं।*

# धरमजयगढ़ में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया ईदमिलादुन्नबी पर्व, दिया भाईचारे का संदेश

जोहार छतीसगढ़-धरमजयगढ़।



इस्लाम धर्म में ईद उल फितर और ईद उल अजहा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। हालांकि इसके अलावा भी कई पर्व ऐसे हैं जिन्हें बेहद खास माना जाता है। जी हां हम बात कर रहे हैं ईद ए मिलाद की ईद ए मिलाद पर्व 28 सिंतबर यानी आज मनाया जा रहा है। यह पर्व हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है। ईदमिलादुन्नबी इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक तीसरे महीने रबी उल अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। खास बात यह है कि हजरत पैंगबर मोहम्मद साहब की पैदाईश का यह दिन खुशहाल अवसर का होता है।

इस सिलसिले में धरमजयगढ़ के मुस्लिम समुदायों द्वारा भारी तादाद में नगर में मोहम्मदी जुलूस निकाला गया यह जुलूस मस्जिद पारा से नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस मस्जिदपारा में समापन किया गया। मुस्लिम समुदाय जुलूस में देश की शान तिरंगा साथ लिए एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए जश्ने ईद मिलादुन्न नबी मनाया। साथ ही एक दूसरे को बधाईयां दीए जुलूस के दौरान सड़क में धरमजयगढ़ पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी सराहनीय रही। विदित हो कि इसी दिन कई स्थानों पर गणेश विसर्जन भी किया गया और गणेश विसर्जन तथा मिलादुन्नबी पर्व के जुलूस के दौरान आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश भी दिया गया। कुल मिलाकर नगर में दोनों समुदायों का त्योहार बहुत ही उल्लासपूर्ण वातावरण में धार्मिक सौहाद्र के साथ संपन्न हुआ।

मोहम्मदी जुलूस में मुस्लिम इंतेजामिया कमेटी धरमजयगढ़ के तमाम पदाधिकारी, मेम्बरान और समुदाय साथ-साथ रहे।

## एक नजर

### विशेष हड्डी शिविर 29 सितंबर को सैनिक हास्पिटल घरघोड़ा में

जोहार छत्तीसग़-घरघोड़ा।




घरघोड़ा स्थित सैनिक हास्पिटल में आगामी 29 सितंबर को हड्डी रोग विशेषज्ञ डाव आकाश पंडा द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हड्डी रोग से परेशान लोग शामिल होकर चिकित्सा का लाभ ले सकते हैं। शिविर का समय दोपहर 01.30से 03.30 तक रहेगा। जिसमे आसपास के लोग ग्रामीण अंचल के लोग इसका लाभ ले सकते हैं। शिविर के लिए हड्डी रोग से ग्रस्त लोगों में एक उत्साह देखा जा रहा है।

### राज्य में औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त माहौल : उद्योगपतियों ने सीएम भूपेश बघेल का जताया आभार

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त माहौल के निर्माण पर सरकार की नीतियों और उद्योगों के हित में संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर छत्ती सगढ़ के नगरीय निकाय क्षेत्र में उद्योग विभाग द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक इकाईयों का सम्पत्ति कर में छूट दिए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री बघेल का आभार भी व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्य में सुगम और तीव्र औद्योगिक विकास के लिए इसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताया गया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री बघेल की पहल पर राज्य में औद्योगिक विकास के मद्देनजर लिए गए फैसले और उद्योगों के हित में बनाई गई योजनाओं से औद्योगिकीकरण में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इसके फ्लस्वरूप प्रदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साथ ही नये उद्योगों की स्थापना को बल मिला है। प्रतिनिधिमंडल में उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग सहित विनोद केजरीवाल, राजकुमार राठी, विक्रम जैन, नीरज अग्रवाल, विवेक अरोरा, संजय अग्रवाल, संजय जलान, राजेश अग्रवाल, रामकृष्ण केडिया, शिशिर अग्रवाल, अशोक गोयल, संतोष बैद, रविकांत यादव, सुनील कुमार जैन, सुभाष अग्रवाल, दीपक भिमसरिया, जे.पी. अग्रवाल और राजेन्द्र कुमार वर्मा आदि शामिल थे।

### अगले 24 घंटो के दौरान भारी बारिश का अलर्ट छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा सहित कई राज्यों में होगी झमाझम बारिश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में एक बार फ्रि मौसम के मिजाज बदलने वाला है, अगले 24 घंटों के दौरान कई राज्यों में तेज बारिश देखने को मिल सकता है। भारत मौसम विभाग के अनुसार कई राज्यों में अगले कुछ दिन हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। इसके बाद फ्रि सितंबर के आखिरी तक प्रदेश से मानसून पूरी तरह जा सकता है।

मौसम एजेंसी स्काई मेट वेदर के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा अक्षांश 28.3N और देशांतर 72 डिग्री पूर्व, नोखरा, जोधपुर, बाड़मेर और अक्षांश 25.7 उत्तर और 70.3 डिग्री पूर्व से होकर गुजरती रहती है।उत्तर-पश्चिम और पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों से मानसून की आगे वापसी के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल होती जा रही हैं।पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार से जुड़ने वाले भागों पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र तेलंगाना के ऊपर है और आसपास का क्षेत्र औसत समुद्र तल से 2.1 किमी ऊपर तक फैला हुआ है।एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र आंध्र प्रदेश तट के पास समुद्र तल से 4.5 से 5.8 किमी ऊपर है।29 सितंबर को उत्तरी अंडमान सागर और आसपास के क्षेत्रों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसित होने की उम्मीद है। इसके प्रभाव से 30 सितंबर को उत्तरी अंडमान सागर और पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक कम दबाव का क्षेत्र विकसित हो सकता है। इसके आगे बढ़ने की उम्मीद है उत्तर पश्चिम दिशा और धीरे-धीरे तीव्र हो सकती है।

# रेत तस्करों पर प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी की बड़ी कार्यवाही, 12 ट्रेक्टर जप्त





जोहार छतीसगढ़-धरमजयगढ़।



रायगढ़ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर धरमजयगढ़ एसडीओपी दीपक मिश्रा के सुपरविजन में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में हो रहे अवैध कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही कर रहे हैं। हम आपको बता दे कि आज भी धरमजयगढ़ थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी एवं टीआई अमित कुमार तिवारी द्वारा मांड नदी में अवैध तरीके से हो रहे रेत उत्खनन पर कार्यवाही करते हुए 12 ट्रेक्टर को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया गया है। धरमजयगढ़ थाना प्रभारी को लगातार मांड नदी से अवैध तरीके से रेत उत्खनन की सूचना मिल रही थी जिसपर आज धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्यवाही किया गया है।

## आधे घंटे में लाखों के गहने चोरी

रायपुर में सब्जी लेने गई महिला के घर में घुसे चोर; अंदर से बंद था दरवाजा



**रायपुर।** रायपुर के कबीर नगर में एक महिला के घर पर लाखों के गहनों की चोरी हो गई है। महिला घटना के वक्त सब्जी लेने गई हुई थी। इसी बीच चोर छत के सहारे किचन में घुसा और लॉकर तोड़कर गहने चुरा लिए। पीड़ित महिला बिंदु सिंह ने पुलिस को बताया कि वो हाउस वाइफ है। 26 सितम्बर की शाम साढ़े 5 बजे घर के गेट पर ताला लगाकर सब्जी मार्केट गई थी। करीब आधे घंटे बाद वो घर लौटी तो दरवाजा अंदर से लॉक था।

### छत में चढ़कर किचन से घुसा चोर

महिला अपने पड़ोसी की छत से घर के अंदर गई तो देखा कि किचन के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है। बेडरूम में रखी अलमारी का लॉकर भी टूटा था। उसने परिजनों व पुलिस को इसकी सूचना दी। महिला ने बताया कि उसके घर से सोने का हार, मंगलसूत्र,अंगूठी और बाली, चेन, चांदी की पायल, ब्रेसलेट सहित सोने-चांदी के अन्य गहने चोरी हो गए हैं। इन गहनों की कीमत 7-8 लाख रुपए है। हालांकि FIR में 1 लाख के गहने चोरी का जिक्र है।

## सोसायटियों में धान बेचने पंजीयन के लिए अलग - अलग मापदंड से किसान परेशान , चौबे को ज्ञापन

**रायपुर** । खरीफसत्र 2023-24 में शासन द्वारा सोसायटियों के माध्यम से धान बेचने वाले किसानों के पंजीयन में अलग-अलग सोसायटियों में अलग-अलग मापदंड निर्धारित किये जाने से किसान परेशान हैं । कुछ सोसायटियों में पूर्व वर्ष में पंजीकृत किसानों का डाटा कैरी फारवर्ड करने फिर सभी दस्तावेजों की मांग की जा रही है तो कुछ में नहीं । पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का अंतिम तिथि की भी स्पष्ट जानकारी किसानों को नहीं मिल रही । इसके साथ ही धान बेचने नामिनी घोषणा पत्र देने के निर्देश से भी किसान इसके औचित्य पर सवाल खड़ा कर रहे हैं । किसानों की इन समस्याओं को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने सहकारिता मंत्री रविन्द्र चौबे को ज्ञापन प्रेषित कर किसानों को परेशानियों से बचाने अविलंब स्पष्ट निर्देश सोसायटियों को जारी कराने व पंजीयन की निर्धारित अंतिम तिथि की सार्वजनिक घोषणा की मांग की है । मेल से प्रेषित ज्ञापन में लिखा गया है शासन का स्पष्ट निर्देश है कि बीते वर्ष में पंजीकृत हो चुके किसानों का डाटा बिना किसानों से कोई दस्तावेज की मांग किये सोसायटियों द्वारा कैरी फारवर्ड किया जाना है बशर्ते किसान रकबे व फसल में संशोधन हेतु आवेदन न दें लेकिन इसके बावजूद कई सोसायटियों द्वारा सभी किसानों से फिर सभी दस्तावेजों की मांग की जा रही है जिससे किसान परेशान हैं । संभवतः सभी सोसायटियों के व्यवस्थापकों को एकरुप प्रशिक्षण न दिये जाने की वजह से यह स्थिति उत्पन्न होने की जानकारी देते हुये संशोधन के अनिच्छुक किसानों से दस्तावेजों की मांग किये बिना आद्यतन पटवारी रिकॉर्ड के आधार पर उनका डाटा शासन के निर्देशानुसार कैरी फारवर्ड करने का स्पष्ट निर्देश सभी सोसायटियों के प्रभारियों को देने का आग्रह किया है ।

## अ.भा.पत्रकार सुरक्षा समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक 2 अक्टूबर राजधानी रायपुर में-गोविन्द शर्मा प्रदेश अध्यक्ष

पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर परिचर्चा के साथ संगठन विस्तार की रूपरेखा

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

### प्रदेश में पत्रकारों पर बिना जांच एफ आईआर का विरोध एवं राजधानी में आंदोलन पर चर्चा

छत्तीसगढ़ ही नही देश का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की छत्तीसगढ़ इकाई की एक दिवसीय बैठक राजधानी रायपुर में 2अक्टूबर को सम्पन्न होने जा रही है।

छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बना जिसने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया। लेकिन अभी तक ये कानून मूर्त रूप नहीं ले पाया हैं आज भी राज्यपाल के पास सहमति के लिए गया हुआ हैं और न जाने कब तक राज्यपाल उसे अपने पास रखेंगे कुछ कहा नहीं जा सकता है लेकिन पत्रकारों को एक जुटता दिखानी पड़ेगा जब कही जाकर इस कानून को पूर्ण रूप से लागू करा पाएंगे। छत्तीसगढ़ की सरकार ने जो पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया हैं उसमे भी अभी बहुत कुछ जोड़ने की आवश्यकता है इसके बिना इस कानून का ओचित्य नही रहेगा। जिसके विषय में संगठन ने 2 अक्टूबर को एक प्रदेश स्तरीय बैठक रखी जिसमे प्रदेश के पत्रकार पदाधिकारी इस चर्चा में शामिल होंगे इसके अलावा संगठन के विस्तार को लेकर भी पदाधिकारी अपनी अपनी बाते रखेंगे। जिससे छत्तीसगढ़ में संगठन और मजबूत बन सके।

### 2 अक्टूबर को सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस भरोसा यात्रा

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2023 को एक-दिवसीय विधानसभा-स्तरीय कांग्रेस भरोसा-यात्रा का आयोजन किया जायेगा। यात्रा के माध्यम से प्रदेश के समस्त 90 विधानसभा क्षेत्रों में अधिक से अधिक ग्रामों में पहुंचकर राज्य सरकार के जन-कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा अपने विगत 15 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़वासियों के साथ किये गये छल से आमजनता को अवगत कराया जाएगा।

# प्रशिक्षु डीएसपी लखिसरानी ने गणेश विसर्जन स्थलों का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

गुरुवार को गणेश विसर्जन व ईद मिलादुन्नबी पर्व के दौरान धरमजयगढ़ पुलिस की सराहनीय मुस्तैदी देखने को मिली।



दोनों त्योहारों को देखते हुए बीते बुधवार को स्थानीय थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। गुरुवार को धरमजयगढ़ प्रशिक्षु डीएसपी लखिसरानी ने खुद सुरक्षा व्यवस्था का मोर्चा संभाला। इस दौरान डीएसपी व थाना प्रभारी अमित तिवारी गणेश विसर्जन स्थलों का जायजा लिया। दोनों वरिष्ठ अधिकारी मांड नदी के डोंगा घाट पहुंचे और गणेश विसर्जन किए जाने वाले जगह का मुआयना कर मातहतों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान वहां इमरजेंसी सेवा 112 की टीम भी मौजूद रही।

मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी गौठान योजना का बुरा हाल

# चारा न पानी, तड़पकर गोवंश की हो रही दर्दनाक मौत

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक नरवा गरुवा घुरवा बारी के तहत बनाई गई गौठाने शो पीस बनकर रह गई हैं। लाखों रुपए की लागत से गौठाने तो बनाए गए लेकिन आज उनके हाल बेहाल है। एक ऐसा ही मामला सामने आ रहा है ग्राम पंचायत सिंवार मेन रोड में स्थित गौठान में भूख प्यास से तड़पकर एक साथ 3 से 4 गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम पंचायत सिंवार मेन रोड में गौठान संचालित है। जो गौठान सिर्फ नाम का ही गौठान है। जहां गौठान योजना के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। यहां गोवंश के लिए ना चारा है। ना पानी है और ना ही बिजली व शेड की व्यवस्था है भी नाम मात्र है। सिंवार में ग्रामवासी ने बताया कि चारा पानी नहीं होने से एक दो गोवंश की मौत होते रहते हैं। बात यही की सिंवार यहां के गौठान में कोई देख रेख नहीं है बता दे की गौठान में गाय माता की मौत हुई है वही के वही पड़ा है आज उसका कंकाल टाइप दिख रहा है लेकिन गौठान के जिम्मेदार देख तक नही रहे है ग्रामीणों का कहना है जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो एक-एक करके सभी गोवंश की मौत होने से नकारा नहीं जा सकता।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in